

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

राष्ट्रीय सलाहकार संपादक-श्री कृष्णराज अरुण अध्यक्ष,नॉर्थ जोन- न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया NAI दिल्ली 92.

वर्षः 1 अंकः 172 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 http://samajjagran.in पेज 08 मूल्य 05 रुपया


# 2024 चुनाव तक साथ रह सकेगा विपक्ष?

## संसद सत्र के आखिरी दिन NCP ने दिया कांग्रेस को झटका!

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली. संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन विपक्ष की प्रेस कॉन्फ्रेंस से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ठउढ) नदारद रही. यही नहीं कांग्रेस समेत लगभग एक दर्जन विपक्षी दलों में स्पीकर की चाय पार्टी का भी बहिष्कार किया हालांकि एनसीपी/टीएमसी और फारूख अब्दुल्ला इस चाय पार्टी में शामिल हुए. संसद सत्र के अंतिम दिन विपक्ष ने अडानी मामले की जेपीसी जांच की मांग लेकर तिरंगा मार्च किया. इस मार्च में विपक्ष के 20 दल शामिल हुए. कांग्रेस चाहती थी की ये सभी दल साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार को घेरें लेकिन एनसीपी ने मंच साझा करने से इंकार कर दिया. इतना ही नहीं स्पीकर की चाय पार्टी में भी एनसीपी शामिल हुई जबकि कांग्रेस ने इसका बहिष्कार किया.

विपक्षी एकता दिखाने में कई दल एक साथ आ तो जाते हैं लेकिन कई मुद्दों पर उनके मतभेद भी साफ दिखाई देते हैं. एनसीपी अदानी के मुद्दे पर बार-बार एक ही बात दोहराने के खिलाफ है. इसके पहले भी एनसीपी नेता अजीत पवार ने पीएम की डिग्री मामले में विपक्ष से अलग लाइन ली थी. विपक्ष भले ही साथ दिखे लेकिन बार बार ये दरारें उनकी एकता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर देती हैं.




### पहले भी विपक्षी एकता में दिखी है दरार

ये ऐसा पहला मौका नहीं है जब विपक्षी एकता की कलई खुलकर सामने आई हो. इससे पहले भी कई मौकों पर ये साफ नजर आ चुका है. पिछले महीने ही ममता बनर्जी ने कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए 2024 लोकसभा चुनावों के लिए गठबंधन से इनकार कर दिया था. ममता बनर्जी ने ऐलान किया है कि वो 2024 में कांग्रेस या लेफ्ट किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगी.

वहीं 2024 चुनावों को नेतृत्व करने के सपने देख रही कांग्रेस भी इसी तरह कई बार बैकफुट पर आ चुकी है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस के नेतृत्व करने के बयान पर लेफ्ट समेत तमाम विपक्षी दलों ने आड़े हाथों लिया था.

# मुख्यमंत्री का बुनकरों को ईद का तोहफा,फ्लैट रेट पर ही करना होगा बिजली बिल का भुगतान

- अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की माननीय राज्य मंत्री ने की समीक्षा
- निमार्णाधीन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने बुनकरों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करते हुए फ्लैट रेट पर ही बिजली बिल भुगतान करने दे निर्देश दिए।इस बात की घोषणा माननीय राज्य मंत्री अल्पसंख्यक एवं वक्फ दानिश आजाद अंसारी ने प्रेस वार्ता के दौरान कही गई। कहा कि लंबे समय से बुनकरों द्वारा फ्लैट रेट पर बिजली उपलब्ध कराने की मांग को मानते हुए मुख्यमंत्री ने समस्त बुनकर समाज को ईद का शानदार तोहफा दिया है। इसके पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण एवम वक़्फ राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी द्वारा जिला पंचायत गेस्ट हाउस में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष 22- 23 की समीक्षा की गई,जिसमे उनके द्वारा प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन परियोजना को तीव्रता से गुणवत्ता परक रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। राज मंत्री द्वारा योजनान्तर्गत निर्माण के अंतिम चरण में चल रही परियोजना राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल को प्रत्येक दशा में वर्तमान शैक्षिक सत्र में शुरू करने पर बल दिया गया।माननीय मंत्री द्वारा अन्य विभागीय योजनाओं की भी गहन समीक्षा करते हुए निर्धारित टाइमलाइन के अंतर्गत कार्य करने के निर्देश अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को दिए गए।वक़्फ से सबन्धित मामलों की समीक्षा करते हुए मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि वक़्फ सम्पत्ति पर कब्जा भी नही होना चाहिए और वक़्फ सम्पत्ति का दुरूपयोग भी नहीं होना चाहिए ।मंत्री जी द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में आच्छादित होने से छुटे हुए अल्पसंख्यको को सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर आच्छादित



करने के निर्देश दिए गए ।वही कार्यकर्ता गण व पदाधिकारी गण के साथ बैठक की गई व जनता की समस्याओं के प्रभावी अनुश्रवण करने की अपेक्षा की गई। इसके उपरांत सदर चौक रोजे पर पसमांदा बुनकर समाज द्वारा आयोजित इफ्तार कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया व पसमांदा बुनकर समाज की समस्याओं को सुना गया जिसमें उनके द्वारा समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

## सस्ती मिलेगी CNG-PNG! मोदी कैबिनेट ने गैस मूल्य निर्धारण के नए फॉमूर्ले को दी मंजूरी

नई दिल्ली. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को प्राकृतिक गैस की कीमत तय करने के लिए नए फॉमूर्ले को मंजूरी दी. इसके साथ ही सीएनजी और पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस की कीमतों पर अधिकतम सीमा भी तय की गई है. माना जा रहा है कि सरकार के इस फैसले के बाद सीएनजी और पीएनजी जैसे ईंधन के दामों में कमी आ सकती है.

सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठ-ाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने एपीएम गैस के लिए 4 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के आधार मूल्य को मंजूरी दी है और अधिकतम मूल्य 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रखने पर मुहर लगाई है.

# हिमाचल राज्य अब प्राकृतिक खेती में बिखेरेगा उन्नति का जादू

दैनिक समाज जागरण – कृष्णराज अरुण
– टीना ठाकुर चंडीगढ़ /शिमला –

हिमाचल प्रदेश में क्लस्टर आधारित कृषि विकास कार्यक्रम और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर वीरवार को राज्य सचिवालय में कृषि सचिव राकेश कंवर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कृषि सचिव ने कृषि अधिकारियों के साथ बजट में क्लस्टर आधारित कृषि विकास कार्यक्रम को लेकर की गई घोषणा के तहत किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश में चल रहे प्राकृतिक खेती खु-शहाल किसान योजना के तहत जुड़े किसानों के क्षमता विकास और उनके प्रमाणीकरण करने के काम में तेजी लाने को लेकर निर्देश दिए।

इस मौके पर प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के राज्य परियोजना निदेशक



नरेश ठाकुर ने प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में डेढ़ लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं, जिनमें से 51 हजार किसानों के प्रमाणीकरण का काम पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे प्राकृतिक खेती किसान इसका दायरा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक बाह्य एजेंसी की ओर से किए गए सर्वे में पता चला है कि हिमाचल प्रदेश के किसान बिना विभाग के प्रशिक्षण के प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों से इस पद्धति को सी-खकर अपना रहे हैं। जिससे इस खेती विधि की लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

बैठक के दौरान कृषि निदेशक डॉ राजेश कौ-शक, संयुक्त निदेशक कृषि डॉ रघबीर सिंह, संयुक्त निदेशक प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना डॉ रविंद्र सिंह जसरोटिया और सभी जिलों के उप कृषि निदेशक व जिला परियोजना निदेशक आतमा मौजूद रहे।

# अखिल भारत हिंदू महासभा ने हनुमान जन्मोत्सव पर मघेरे वाले हनुमान जी पर छप्पन भोग और प्रसादी का किया कार्यक्रम

दैनिक समाज जागरण

मथुरा। अखिल भारत हिंदू महासभा की ओर से आज भव्य और दिव्य छप्पन भोग का कार्यक्रम मघेरे वाले हनुमान जी राधाकुंड रोड पर किया गया जिसमें समस्त जिला की पदाधिकारियों ने सहभागिता की और कार्यकताओं के साथ छप्पन भोग का कार्यक्रम कर पदाधिकारियों का भी सम्मान वहां इस कार्यक्रम में किया गया।



कार्यक्रम के विषय में प्रदेश प्र-वक्ता संजय हरियाणा ने बताया कि कार्यक्रम को आयोजित करने में अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला उपाध्यक्ष दिलीप की भूमिका अहम रही उनके सान्निध्य में सभी कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

जिलाध्यक्ष छाया गौतम ने बताया कि कार्यक्रम में ठाकुर जी हनुमान जी महाराज से देश और प्रदेश वासियों के सकुशल मंगल की कामना की और वहां कीर्तन कार्यक्रम में सहभागिता कर आज ठाकुर हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

छाया वह तुमने वहां नई कार्यकताओं को संगठन में जोड़ा और उनका सम्मान कर उनको संगठन के विषय में भी बताया गया कार्यक्रम का समापन ठाकुर जी की प्रसादी के साथ किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में हनुमान भक्त जनता और हिंदू महासभा के कार्यकताओं ने सहभागिता की कार्यक्रम में आज प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा ,जिला अध्यक्ष छाया गौतम, युवा जिला अध्यक्ष विजयपाल सिंह, प्रिंस पांडे, विनोद पांडे ,नरेश ठ-ाकुर,और, सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

समाज जागरण

# राजस्थान में बनेगा दुनिया का तीसरा और भारत का दूसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम, एक साथ बैठ सकेंगे 75 हजार दर्शक




समाज जागरण

जयपुर. दुनिया का तीसरा एवं भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम जयपुर में बनने जा रहा है. राजस्थान क्रिकेट एकेडमी (फ्ळअ) और निजी कंपनी हिन्दुस्तान जिंक के बीच इसको लेकर एमओयू (सहमति पत्र) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे. राज्य सरकार द्वारा आयोजित इन्वेस्ट राजस्थान समिट- 2022 के मौके पर अनिल अग्रवाल (चेयरमैन वेदांता ग्रुप) ने आरसीए द्वारा निर्माण कराए जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सहयोग करने की घोषणा की थी.

आरसीए में राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले एमओयू हस्ताक्षर समारोह में डॉ. सीपी जोशी (अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा एवं मुख्य संरक्षक आरसीए), वैभव गहलोत (अध्यक्ष राजस्थान क्रिकेट संघ) आदि मौजूद रहेंगे. आरसीए द्वारा किए गए निर्णयानुसार एमओयू होने पर स्टेडियम का नाम ह्यअनिल अग्रवाल अन्तर्राष्ट्रीय क्रि-केट स्टेडियम-जयपुरह्ण रखा जाएगा.

### 100 एकड़ में बन रहा स्टेडियम

राजस्थान क्रिकेट के अध्यक्ष वैभव गहलोत की अध्यक्षता में राज्य सरकार आरसीए को दिल्ली रोड जयपुर में 100 एकड़ भूमि आवंटित की है. इसपर स्टेडियम का निर्माण हो रहा है. राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर में बनाए जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की क्षमता 75,000 दर्शकों की होगी. इस भव्य स्टेडियम के तैयार होने के बाद यह दुनिया का तीसरा और भारत का दूसरा सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम बन जाएगा, जिसमें दर्शक क्रिकेट मैच का आनंद उठा सकेंगे.

### 2 चरणों में होगा निर्माण

जयपुर में बन रहे इस भव्य क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य 2 चरण में किया जाएगा. प्रथम चरण का कार्य निमार्णाधीन है, जिसमें 40,000 दर्शक क्षमता के वर्ल्ड क्लास स्टे-डियम का निर्माण होगा. इसे बनाने में कुल लागत 400 करोड़ रुपए होगी, जिसमें से 300 करोड़ रुपये निजी कंपनी (हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड) और शेष राषि 100 करोड़ रुपये आरसीए द्वारा दिया जाएगा.

# कलियुग के असली भगवान बजरंग बली जी को जन्मोत्सव पर भक्तों ने किया याद

### सभी जगह मंदिरों में हुए खास आयोजन, सुबह से शाम तक लगी रही भक्तों की लाइन

शशिकांत ओझा, ब्यूरोचीफ, समाज जागरण

हनुमान जयंती के मौके पर गुरुवार को मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। जगह जगह भंडारे हुए और दिन भर रंगारंग आयोजनों में भक्त झूमते रहे। कहीं भजन संध्या, कहीं नाटक तो कहीं पर सेवा कार्यों का दौर चला। कलियुग के असली भगवान बजरंग बली का जन्मोत्सव भक्तों ने बड़े ही श्रद्धा से मनाया।

बात वाराणसी के संकटमोचन की करें तो यहां हजारों भक्तों पूजा अर्चन कर भगवान का जन्मोत्सव मनाया और अपने कल्याण की कामना का आशीर्वाद मांगा। प्रदेश ही नहीं पूरे देश में हनुमान जयंती बड़े ही श्रद्धा से मनाई गई। लोगों ने जगह जगह हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ भी किया। कलियुग के चरण में शनिदेव की कुदृष्टि से बचने का एक ही उपाय हनुमान जी की भक्ति शास्त्रवत वर्णित है। लोगों शनिदेव के प्रकोप से बहुत





डरते हैं इसलिए भी बजरंग बली की शरण में रहते हैं। हनुमान जयंती हिन्दू पांचांग के मुताबिक चैत्र मास की पुर्णिमा को मनायी जाती है गुरुवार को यह तिथि थी। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हनुमान जयंती का आयोजन पूरी भव्यतापूर्वक मनाया गया। गोरखपुर की स्थिति भी वैसी ही रही। हनुमान मंदिरों में जयंती की पूर्व संध्या से ही हनुमान चालीसा वाचन का कार्य कहीं कहीं चालू था जो अनवरत 24 घंटे तक चला। विद्वानों ने कहा कि संकट मिटे हरे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा यूं ही थोड़े वर्णित है। भगवान राम के सबसे चहेते वीर हनुमानजी कलियुग में सबका कल्याण करते हैं।

# सांसदी जाने के बाद राहुल गांधी पर नई मुसीबत! वायनाड ऑफिस का फोन और इंटरनेट कनेक्शन कटा

नई दिल्ली. संसद की सदस्यता जाने और बतौर सांसद अयोग्य ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी को बतौर सांसद वायनाड में मिले ऑफिस का इंटरनेट और फोन लाइन कनेक्शन काट दिया गया है. कांग्रेस का आरोप है कि ऐसा किए जाने से पहले उन्हें या उनके कार्यालय में कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी. गुजरात में सूरत की एक अदालत ने ह्यमोदी उपनामह्ण संबंधी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ 2019 में दर्ज आपराधिक मानहानि के एक मामले में उन्हें 23 मार्च को दोषी ठहराया था तथा दो साल कारावास की सजा सुनाई थी. इसके अगले दिन 24 मार्च को उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया.

अयोग्य ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी ने दावा किया था कि उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य इसलिए ठहराया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बात से डरे हुए थे कि संसद में उनका (राहुल) अगला भाषण भी अडानी मामले पर होने वाला था. वहीं संसद के इस फैसले पर कांग्रेस ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन भी किए. साथ ही विपक्ष के कई नेता भी इस फैसले के विरोध में दिखे.

## हनुमान जयंती पर विशेस

# भगवान राम और हनुमान जी की रोचक गाथा

**प्रभारी,समाज जागरण,**
**दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,**

रॉंची (झारखंड ) 06 अप्रैल 2023:-
भगवान राम जानते थे कि उनकी मृत्यु का समय हो गया है। वह जानते थे कि जो जन्म लेता है उसे मरना ही पड़ता है। यही जीवन चक्र है। और मनुष्य देह की सीमा और विवशता भी यही है।

उन्होंने कहा... ह्लयम को मुझ तक आने दो। बैकुंठ धाम जाने का समय अब आ गया है ह्व

मृत्यु के देवता यम स्वयं अयोध्या में घुसने से डरते थे। क्योंकि उनको राम के परम भक्त और उनके महल के मुख्य प्रहरी हनुमान से भय लगता था। उन्हें पता था कि हनुमानजी के रहते यह सब आसान नहीं।

भगवान श्रीराम इस बात को अच्छी तरह से समझ गए थे कि, उनकी मृत्यु को अंजनी पुत्र कभी स्वीकार नहीं कर पाएंगे, और वो रौद्र रूप में आ गए, तो समस्त धरती कांप उठेगी।

उन्होंने सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा से इस विषय मे बात की। और अपने मृत्यु के सत्य से अवगत कराने के लिए राम जी ने अपनी अंगूठी को महल के फर्श के एक छेद में से गिरा दिया!

और हनुमान से इसे खोजकर लाने के लिए कहा। हनुमान ने स्वयं का स्वरुप छोटा करते हुए बिल्कुल भंवरे जैसा आकार बना लिया... और अंगूठी को तलाशने के लिये उस छोटे से छेद में प्रवेश कर गए। वह छेद केवल छेद नहीं था, बल्कि एक सुरंग का रास्ता था, जो पाताल लोक के नाग लोक तक जाता था। हनुमान नागों के राजा वासुकी से मिले और अपने आने का कारण बताया।

वासुकी हनुमान को नाग लोक के मध्य में ले गए, जहाँ पर ढेर सारी अंगूठियों का ढेर लगा था। वहां पर अंगूठियों का जैसे पहाड़ लगा हुआ था।

ह्लयहां देखिए, आपको श्री रामकी अंगूठी अवश्य ही मिल जाएगीह्व वासुकी ने कहा।

हनुमानजी सोच में पड़ गए कि वो कैसे उसे ढूंढ पाएंगे? यह भूसे में सुई ढूंढने जैसा था। लेकिन उन्हें राम जी की आज्ञा का पालन करना ही था। तो राम जी का नाम लेकर उन्होंने अंगूठी को ढूंढना शुरू किया।

सौभाग्य कहें या राम जी का आशीर्वाद या कहें हनुमान जी की भक्ति... उन्होंने जो पहली अंगूठी उठाई, वो राम जी की ही अंगूठी थी। उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। वो अंगूठी लेकर जाने को हुए, तब उन्हें सामने दिख रही एक और अंगूठी जानी पहचानी सी लगी।

पास जाकर देखा तो वे आश्चर्य से भर गए! दूसरी भी अंगूठी जो उन्होंने उठाई वो भी राम जी की ही अंगूठी थी। इसके बाद तो वो एक के बाद एक अंगूठीयाँ उठाते गए, और हर अंगूठी श्री राम की ही निकलती रही।

उनकी आँखों से अश्रु धारा फूट पड़ी!

' वासुकी यह प्रभु की कैसी माया है? यह क्या हो रहा है? प्रभु क्या चाहते हैं?'

वासुकी मुस्कुराए और बोले,

ह्लजिस संसार में हम रहते है, वो सृष्टि व विनाश के चक्र से गुजरती है। जो निश्चित है। जो अवश्यम्भावी है। इस संसार के प्रत्येक सृष्टि चक्र को एक कल्प कहा जाता है। हर कल्प के चार युग या चार भाग होते हैं।

हर बार कल्प के दूसरे युग मे अर्थात त्रेता युग में, राम अयोध्या में जन्म लेते हैं। एक वानर इस अंगूठी का पीछा करता है... यहाँ आता है और हर बार पृथ्वी पर राम मृत्यु को प्राप्त होते हैं।

इसलिए यह सैकड़ों हजारों कल्पों से चली आ रही अंगूठियों का ढेर है। सभी अंगूठियां वास्तविक हैं। सभी श्री राम की ही है। अंगूठियां गिरती रहीं है... और इनका ढेर बड़ा होता रहा।

भविष्य के रामों की अंगूठियों के लिए भी यहां पर्याप्त स्थान है ह्व

हनुमान एकदम शांत हो गए। और तुरन्त समझ गए कि, उनका नाग लोक में प्रवेश और अंगूठियों के पर्वत से साक्षात्कार कोई आकस्मिक घटी घटना नहीं थी। बल्कि यह प्रभु राम का उनको समझाने का मार्ग था कि, मृत्यु को आने से रोका नहीं जा सकता। राम मृत्यु को प्राप्त होंगे ही। पर राम वापस आएंगे... यह सब फिर दोहराया जाएगा।

यही सृष्टि का नियम है, हम सभी बंधे हैं इस नियम से। संसार समाप्त होगा। लेकिन हमेशा की तरह, संसार पुनः बनता है और राम भी पुनः जन्म लेंगे।

प्रभु राम आएंगे... उन्हें आना ही है... उन्हें आना ही होगा।
जय सियाराम



**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह**

# विश्व स्वास्थ्य दिवस

विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन के तत्वावधान में हर साल इसके स्थापना दिवस पर 7 अप्रैल को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका मकसद दुनिया भर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जनहित को ध्यान में रखते हुए सरकार को स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण के लिए प्रेरित करना है।

**इतिहास**

विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरूआत 1950 से हुई। इससे पहले 1948 में 7 अप्रैल को ही डब्ल्यू.एच.ओ. की स्थापना हुई थी। उसी साल डब्ल्यू.एच.ओ. की पहली विश्व स्वास्थ्य सभा हुई, जिसमें 7 अप्रैल से हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का फैसला लिया गया।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन**

**मुख्य लेख : विश्व स्वास्थ्य संगठन**

सन 1948 में 7 अप्रैल के दिन संयुक्त राष्ट्र संघ की एक अन्य सहयोगी और संबद्ध संस्था के रूप में दुनिया के 193 देशों ने मिल कर स्विट्जरलैंड के जेनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) की नींव रखी थी। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य के स्तर को ऊंचा उठाना है। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और बीमार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे प्रकार के इलाज की अच्छी सुविधा मिल सके। दुनिया भर में पोलियो, रक्ताल्पता, नेत्रहीनता, कुष्ठ, टी.बी., मलेरिया और एड्स जैसी भयानक बीमारियों की रोकथाम हो सके और मरीजों को समुचित इलाज की सुविधा मिल सके, और इन समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक बनाया जाए और उनको स्वस्थ वातावरण बना कर स्वस्थ रहना सिखाया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना ही मानव-स्वास्थ्य की परिभाषा है।

**भारत में स्वास्थ्य आंकड़े**

**भारतीय डाक टिकट में विश्व स्वास्थ्य दिवस**

भारत ने पिछले कुछ सालों में तेजीके साथ आर्थिक विकास किया है लेकिन इस विकास के बावजूद बड़ी संख्या में लोग कुपोषण के शिकार हैं जो भारत के स्वास्थ्य परिदृश्य के प्रति चिंता उत्पन्न करता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन वर्ष की अवस्था वाले 3.88 प्रतिशत बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और 46 प्रतिशत बच्चे अपनी अवस्था की तुलना

**बैठकी**

# "जातिवादी राजनीति में नया प्रयोग- जातीय जनगणना"

**दैनिक समाज जागरण**

ए सरजी, अबतक पुरे देश में चाहे यूपी हो या बिहार या दक्षिणी भारत, जातिवादी राजनीतिक दलों में तीन चीजें कॉमन है! वो ये कि इनके सभी नेतृत्वकर्ता खाकपति से अरबपति बन गये और दुसरा कि सभी परिवारवादी पार्टी बन के रह गयीं हैं और तीसरा कि पिछड़े,दलितों और वंचितों की जातिगत भावनाओं का अपहरण करके,स्वार्थपरक वोट की राजनीति करने में सफल हुए और स्वयं तथा अपने परिवार को लाभांवित किया, उन गरीबों का जातिवादी राजनीति में सिर्फ इस्तेमाल किया उत्थान नहीं !क्योंकि उनका लक्ष्य स्वयं और परिवार तक हीं सीमित रहा!---मास्टर साहब ने बैठते हीं विचार रखे!





आप सभन के मतलब ह जे देश में सभे राजनीतिक दल, परिवारवादी ह!! ---




मुखियाजी ने प्रश्न किया!

बिलकुल सोलह आने सच कहा आपने! कांग्रेस की परिवारवादी नीति का लगभग सभी क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने अनुशरण किया उन पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व या अध्यक्ष परिवार की सीमा रेखा तक सीमित रहते हैं! ऐसे राजनीतिक दलों से समाज और राष्ट्र के विकास की बात सोचना भी बेमानी है बल्कि सच पुछिये तो अपने राजनीतिक लाभ के लिए समाज में जहर घोलते रहते हैं! ---- कुंवरजी ने बुरा सा मुंह बनाया!

कुंवरजी, जैसा कि पहले भी हमलोगों ने स्पष्ट किया है! हिंदूओं में जातिगत घृणा पैदा करके लाभ उठाने की शाजिस मुगलों ने आरम्भ किया जिसका अनुशरण अंग्रेजों ने किया और वे हिंदूओं पर राज्य करने और धर्मांतरण कराने में सफल हुए! पुनः आजादी के बाद भी ये कुचक्र बदस्तूर जारी है जिसका प्रमाण हमारे सर पर थोपा गया आरक्षण और एसटी/एससी और अनेकों धार्मिक और जातिगत असमानताओं से युक्त संविधान है! इसी संवैधानिक खामियों का लाभ, राजनीतिक पार्टियां उठा रहीं हैं!---सुरेंद्र भाई ने सच्चाई रखी!

मुखियाजी,देश की सबसे पुरानी पार्टी- कांग्रेस के बारे में तो कुछ कहना हीं नहीं है क्योंकि आजादी के बाद से आजतक कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार और गांधी परिवार मतलब कांग्रेस! अब अन्य क्षेत्रीय दलों को हीं लिजिये-- शिवसेना, एनसीपी, आरजेडी, एसपी, जेडीएस, टीएमसी, ट-ीआरएस, टीडीपी, अकाली दल, नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी,वाईएसआरसीपी, बीजेडी, एलजेपी, जेएमएम, आरएलडी, आईएनएलडी, डीएमके! ये सभी पार्टियां बस, पारिवारिक सत्ता पर आधारित हैं! इसमें अधिकांश जातिगत राजनीति के धरातल पर खड़ी हैं! ---डा. पिंटू ने तो डाटा हीं रख दिया!

ठीक कह रहे हैं डाक्टर साहब, आज देश में जातिवाद और परिवारवाद से मुक्त कोई पार्टी है तो वो एक मात्र "भारतीय जनता पार्टी" हीं है जिसका कोई भी कार्यकर्ता अध्यक्ष या नेतृत्वकर्ता बनता है!--उमाकाका अपनी कहे!

विगत 2014 से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय चुनावों में भाजपा ने इस जातिवादी और पारिवारवादी राजनीति का मिथक धुमिल किया है! जनता में जातिवादी घेरे से, बाहर आने की छटपटाहट दिखने लगी है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत हैं! ---सुरेंद्र भाई आस्वस्त लगे!

लिजिये, जातिवादी राजनीतिक पार्टियां, राजनीति से जातिवाद के घटते प्रभाव से काफी चिंतत हो उठीं हैं! क्योंकि मोदीजी का "न खायेंगे और न खाने देंगे" के हंटर ने उनके अंदर, अपने ऐश्वर्य के साम्राज्य, के पतन का भय भर दिया है! जिसका प्रमाण है- सभी विपक्षियों का एक प्लेटफार्म पर आने की छटपटाहट!---मास्टर साहब कहकर हंस पड़े!




बिहार में जातीय जनगणना हो रहलबा! एकर का औचित्य बा सरजी!!---मुखियाजी मेरी ओर देखकर!

मुखियाजी,सच कहुँ तो भाजपा की नीतियों से परेशान और कुंद होती जातिवादी राजनीति को नया धार देने हेतु, बिहार में राजद और जेडीयू की सत्तासीन जोड़ी, जातिय जनगणना का अस्त्र उठा ली है !बिहार में 15 अप्रैल से होने वाली जातीय जनगणना को लेकर जातियों के कोड की नई सूची जारी कर दी गई है! सरकार का कहना है कि इससे कमजोर वर्ग की पहचान करने में सहायता मिलेगी! आश्चर्य की बात ये है कि जातीय जनगणना में अन्य धर्मावलंबियों को भी स्थान दिया गया है जबकि जातिव्यवस्था तो हिन्दू समाजिक व्यवस्था है जिसमें मुस्लिम आते हीं नहीं! इस गणना में जातिगत, पारिवारक,आर्थिक एवं धार्मिक सूचनायें इकट्ठी की जानी है!

इस जनगणना की पक्षधर पार्टियों का तर्क है कि इससे सभी पिछड़ी जातियों की स्थिति का मूल्यांकन करने और उनके विकास में मदद मिलेगी!

लेकिन जहाँ तक,अबतक का इतिहास कहता है ये,अपनी जातिगत राजनीति को चमकाने के लिए, जातीय जनगणना के आधार पर पुनः जातीय जनसंख्या को आधार बनाकर,आरक्षण के मुद्दे को उछालेंगे और इसे हथियार बनाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास करेंगे !--- मैं चुप हुआ!

एकदम ठीक कहनीं हां, प्रोफेसर साहब, इ नेतवा सब, जातीय जनगणना में आपन सुरक्षित भविष्य देखत हवन! भले देश के भविष्य चौपट हो जाय!-- मुखियाजी हाथ चमकाये!

अर्थात, हिंदू एकता में सेंध मारने और हिंदू समाज में परस्पर, घृणा को बनाये रखने की एक और शाजिस! अच्छा अब चला जाय!-- कहकर डा. पिंटूजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# विभिन्न वेराइटी जो कला के जादूगरी से चांदी के फ्रेम जड़ित कला कृतियां -चित्र दैनिक समाज जागरण

## अंबाला कैंट में खानदानी नामी ज्वेलरी दुकान भाई नरेश गुप्ता ज्वेलरी डिजाइनर किंग हैं।

**-दैनिक समाज जागरण -**

चंडीगढ़ /अम्बाला केंट - ब्यूरो - अम्बाला दुनिया के मानचित्र में उद्योग




व्यापार राजनीती में शिखर छूने में निरंतर आगे है। वहीं अब ज्वेलरी चांदी व रत्न जड़ित बांके बिहारी और खरतु श्याम प्रेमियों के लिए नरेश गुप्ता की ज्वेलरी दुनिया के हर कोने तक पहुँचने में काफी आगे है। हर वेरायटी में चांदी फ्रेम जड़ित डेकोरेशन में अपना मुकाम बनाने वाली इनकी फार्म ने काफी नाम कमा लिया है। स्वर्गीय विजय गुप्ता की संतान पुस्तेनी खानदानी चला आ रहा कारोबार अब


भक्ति गीतों के कैसेट भी रत्न और चांदी फ्रेम में यहाँ देखे जा सकते हैं।

खाटूश्याम जी के परमभक्त भाई नरेश गुप्ता डीफ्रेंट प्रकार की चांदी सज्जित शील्ड बनाने में महारत रखते है। वे खाटू श्याम जी की ऐसी कलाकृति भी बना देते हैं जो घरों दुकानों में वास्तुदोष मुक्ति सजावट में बड़ी मात्रा में विदेशों तक खरीददार इनके पास से मार्केट रेट पर भिजवाते हैं।

खाटू श्याम जी के भक्त बांके बिहारी भक्त जोड़ी भाई बहन समाज कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

चांदी जड़ित मुकुट और कई वेरायटी में फिल्मी गीत कैसेट कवर भी चांदी जड़ित



खाटूश्याम जी और बांके बिहारी सज जाते हैं यूं कि देखते निगाहें नहीं हटती-चित्र देनिक समाज जागरण



चित्र, दैनिक समाज जागरण

तैयार होते हैं। बता दें कि चांदी को हर धार्मिक कार्य में शुभ माना जाता है घरों और आफिस दुकान में फलीभूत होते हैं।कला कृति में भगवान से की गई मनो कामना में चांदी जड़ित की बड़ी मान्यता है। जिसके कारण बड़िया आडर मिलते हैं।

दैनिक समाज जागरण से भेंट में वे बताते हैं की यह कारोबार उनका पुस्तैनी मिला है। कला के जादूगर हम परिवार में अकेला बेटा पिता का साया छूटने के बाद कई जिंन्दगी के ऐसे मोड़ भी आये जब हमारे कारोबार का जहाज डूबने से बचा है। यह सब बांके बिहारी की कृपा और मेहंनट बुजुर्गों का आशीर्वाद फिर पटरी पर ले आया है। वे बताते हैं मेरी बड़ी बहन उषा खुद गौ भक्त है और गाय गोबर के उत्पाद की जादूगरी से काफी नाम कमाया है उनका आशीर्वाद स्नेह प्रेरणा हमारे साथ है।

# दिव्यांगता: उनके सशक्तिकरण को प्रणाम'
# दिव्यांगों की जिजीविषा अनुकरणीय'

ओलंपिक में जिस तरह खेलों में अपना प्रदर्शन दोहरा कर स्वर्ण, रजत और अन्य पदक प्राप्त किए है, उसे देखकर उनकी क्षमता, ऊर्जा, शक्ति और जिजीविषा को दृष्टिगत रखे तो वे राष्ट्र की सलामी और अभिनंदन के हकदार हैं। पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की गणना के अनुसार दिव्यांगजन की जनसंख्या लगभग एक अरब है। भारत में ही 2011 की जनसंख्या के अनुसार 2.68 करोड़ दिव्यांगजन निवास करते हैं। दिव्यांगजन प्राकृतिक रूप से शारीरिक क्षमता में कमी के कारण आम आम नागरिकों की तरह जीवन यापन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। दिव्यांग जनों को कई श्रेणी में माना गया है जिनमें दृष्टि हीनता ,बधिरता,मुकता, चलने में असमर्थ, मानसिक कमजोरी , मानसिक रुग्णता, बहु दिव्यांगता आदि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है की सभी देशों में विकलांगों की समस्याएं अलग-अलग होने के बावजूद उनकी मूल समस्या एक जैसी है, जिसमें आमूलचूल बदलाव लाकर ऐसे व्यक्तियों को सशक्त किया जा सकता है। शरीर के किसी अंग अथवा मस्तिष्क के बाधित अथवा अपूर्ण विकास को दिव्यांगता के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो मानव समाज की एक संवेदनशील समस्या है। जिसका सामना विश्व के सभी देशों के दिव्यांग जनों को करना पड़ता है। दिव्यांग जनों को मूलतः शिक्षा,रोजगार, स्वास्थ्य, यातायात आदि तक पहुंच बनाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे वे सामाजिक आर्थिक व शैक्षिक क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं। इस संदर्भ में दृष्टि हिनता तथा बधिरता से ग्रस्त हेलेन केलर ने कहा कि "दृष्टि हिनों की प्रगति मुख्य बाधा दृष्टि हीनता नहीं, बल्कि दृष्टिहीन लोगों के प्रति समाज की नकारात्मक सोच भी है" भारत सरकार ने इस संदर्भ में काफी विचार-विमर्श कर 1995 में विकलांगों के प्रति समाज के दायित्वों के निर्वहन हेतु विकलांग व्यक्ति अधिनियम पारित किया था, जिसे 1996 में लागू किया गया। अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए शिक्षा रोजगार सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही शासकीय नौकरी में विकलांगों का पद आरक्षित भी किया गया। इतना ही नहीं 1999 में एक अलग विकलांग राष्ट्रीय कल्याण तथा राष्ट्रीय न्यास का गठन किया गया, जिससे इनकी समस्याओं को समाधान हेतु सुना जा सके। इसके अतिरिक्त दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने वर्ष 2012 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बनाया, जिससे इनके लिए अलग से कुछ पैमाने को निर्धारित कर विकास में सहभागी बनाया जा सके ऐसे प्रावधान रखे गए है। इसके अतिरिक्त 2015 में दिव्यांगों की शिक्षा नीति बनाई गई जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा के सुरक्षित तथा सम्मानजनक समान अवसर उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया। इनको शिक्षा से जोड़ने हेतु सुगम में पुस्तकालय नामक ऑनलाइन कोर्स प्रारंभ किया गया ताकि वह बटन क्लिक करने के माध्यम से पुस्तकों को पढ़ सकें, जिसके बाद इनकी नौकरियां व स्वरोजगार क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने हेतु 2016 में विकलांग अधिकारिता विभाग के परामर्श से एक जॉब पोर्टल की भी शुरूआत की गई। जॉब पोर्टल एकल मंच पर निशुल्क नौकरी के अवसर स्वरोजगार ऋण, शिक्षा ऋण व कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। 2017 में दिव्यांग जनों की मदद के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांग साथी मोबाइल ऐप की शुरूआत की जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संबंधित विभिन्न उपयोगी जानकारी जैसे विभिन्न नियमों दिशानिदेर्शों योजनाओं छात्र वित्तीय एवं रोजगार संबंधी अवसरों के बारे में दिव्यांग जनों को सरल प्रारूप में जानकारियां उपलब्ध कराना इसका उद्देश्य है। इससे दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रयासों को वास्तविक रूप से अमलीजामा पहनाया जा सके। केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारें लगातार प्रयास कर रही है कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर उन्हें खेलकूद, विज्ञान टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और प्रशासनिक सेवाओं में पूरा पूरा स्थान प्राप्त हो सके, ऐसे प्रयास निरंतर जारी हो रहे हैं। और इन्हीं सब का परिणाम है कि आज दिव्यांगों को पहचान कर समाज में उनकी नई पहचान दिलाई जा रही है स्वरोजगार में इनकी संख्या बढ़ रही है शिक्षा के स्तर में वृद्धि हुई है यहां तक कि नौकरियों मेल की भागीदारी काफी बढ़ी है। दिव्यांग व्यक्तियों ने खेल में अपना नाम बहुत ऊंचा किया है 20 18 में भारतीय दिव्यांग क्रिकेटरों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान की टीम को हराकर ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप अपने नाम किया था और इस तरह देश का नाम ऊंचा किया। माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय विकलांग महिला अरुणिमा सिन्हा का नाम प्रमुख है। 2016 2020-21 पैरा ओलंपिक खेलों में दीपा मलिक ने अनेक पदक जीते उन्हें अर्जुन पुरस्कार भी दिया गया है। इसी प्रकार प्रसिद्ध एथलेटिक खिलाड़ी देवेंद्र झाझरिया का नाम प्रमुख है, जिन्होंने पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। 2020-21 में पैरालंपिक जापान में भारतीय खिलाड़ियों ने जिस कदर ओलंपिक पदकों की भारत के लिए श्रृंखला जीती वह अभूतपूर्व है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले भारतीय क्लासिकल डांसर सुधा चंद्रन,संगीतकार रविंद्र जैन, बैडमिंटन प्लेयर गिरीश शर्मा, ब्लाइंड क्रिकेट में 32 शतक लगाने वाले शेखर नायक, प्रसिद्ध डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, कैंसर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुरेश आडवाणी आदि का नाम अत्यंत गौरवशाली सूची में शामिल है ।जिन्होंने न सिर्फ अपना बल्कि राष्ट्र का गौरव भी बढ़ाया है। यह सब दिव्यांग जनों के लिए अपनी पहचान बनाने के अलावा प्रेरणा स्रोत के रूप में भी तेजी से उभरे हैं। इनकी उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि दिव्यांगों में अपार क्षमताएं होती हैं तथा वे प्रेरणा दाई भी होते हैं। यदि इनके लिए अवसर और सशक्तिकरण के सफल प्रयास किए जाएं ,आधुनिक तकनीकी से इनकी क्षमताओं में वृद्धि की जाए तो इनमें क्षमताओं की वृद्धि की अपार संभावनाएं निहित हैं। भारत देश में जितने दिव्यांग निवास कर रहे हैं, अभी भी बेहतर परिणाम आना शेष है इसीलिए देश के विकास एवं प्रगति में दिव्यांगों की भूमिका तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरे समाज तथा शासन प्रशासन को आगे आकर इनकी हौसला अफजाई कर सामान्य जीवन की सुविधाओं में इजाफा किया जाना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य पेशेवरों, शिक्षकों, स्थानीय समुदाय, छोटी-छोटी संस्थाओं,स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों को आगे आना होगा तभी दिव्यांग जनों को समावेशी विकास में शामिल किया जा सकेगा। यह शुभ संकेत भी है कि न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता मैं काफी वृद्धि हुई है, और यही कारण है कि विकलांगों को दिव्यांग जैसे सम्मान पूर्वक शब्दों से पुकारा जाता है, यदि समाज की भूमिका मानवीय तथा सामंजस्य पूर्ण होती है, तो दिव्यांग जनों को विकास की ओर अग्रसर होने तथा सामाजिक समरसता की मुख्यधारा में जुड़ने से कोई रोक नहीं सकता है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक ,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय के लिए गठित होगा बोर्डः सीएम योगी

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोमतीनगर विस्तार में 8731 करोड़ रुपए की 2029 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

### – सीएम बोले, 100 नगर पंचायतों को आकांक्षात्मक सिटी के रूप में किया जाएगा विकसित

दैनिक समाज जागरण

6 अप्रैल, लखनऊः उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा नगर निकाय वाला राज्य है। प्रदेश में 762 नगर निकाय हैं, जहां करीब 7 करोड़ की आबादी निवास करती है। आने वाले समय में यहां इलेक्शन होने वाले हैं, जहां चार करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता हैं। ऐसे में इन सभी के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए इज ऑफ लिविंग के तहत पिछले 6 वर्षों में ऐतिहासिक काम किया गया है और आगे भी यह युद्धस्तर पर जारी रहेगा। नगरीय निकाय प्रदेश में विकास के इस बदलाव की धुरी बने हैं। नगर विकास मंत्री, उनकी टीम और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नगर निकाय एक नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ये बातें सीएम योगी ने गुरुवार को गोमती नगर विस्तार स्थित विशाखा सभागार में आयोजित 8731 करोड़ की लागत की 2029 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास एवं पुस्तक विमोचन करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने टेम्पो टिपर एवं अमृत कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभिर्यों को चाभी वितरित करने के साथ ही सफाई मित्रों को सुरक्षा किट भी प्रदान की।

### राज्य स्तर पर होगा बोर्ड का गठन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज शहरों में स्वच्छता नए सिरे से देखने को मिलती है। इसको लेकर लोगों के मन में एक उत्साह दिखता है। इसमें सबसे बड़ा रोल हमारे सफाई मित्रों का है। उन्होंने नगर विकास मंत्री के आवाह्न पर सुबह 5 बजे सफाई व्यवस्था की कमान संभाली, जो पहले सुबह 10 बजे थी। यह प्रयोग काफी सराहनीय है। हमें इस दिशा में और प्रयास करने हैं। इसको लेकर नगर विकास विभाग और प्रदेश सरकार ने चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में एक कमेटी भी बनाई है ताकि सफाई मित्रों को अच्छा मानदेय मिले। उन्होंने कहा कि सर्विस प्रोवाइडर को हम अलग से पैसा दे रहे हैं, लेकिन वह सफाई मित्रों को पैसा काट कर मानदेय देते हैं। ऐसे में उनको सम्मानजनक मानदेय देने और उन्हे मान सम्मान मिले इसके लिए राज्य स्तर पर एक बोर्ड गठित कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। खासकर सीवर आदि की सफाई करने वालों को अतिरिक्त मानदेय की व्यवस्था के साथ उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सरकार सुनिश्चित करेगी। सीएम ने कहा कि 60 शहर अमृत योजना के तहत अच्छादित हैं। इसके अलावा नगर विकास विभाग ने और भी परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। आने वाले समय में 100 ऐसी नगर पंचायतों का चयन किया जाएगा, जिसे आकांक्षात्मक सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

### स्मार्ट सिटी मिशन में प्रदेश का नगर विकास नंबर एक पर

सीएम ने कहा कि कुछ राज्य ऐसे भी होंगे जिनका वार्षिक बजट ही 8700 के आसपास होगा, जितने कार्यों का हम नगर विकास के अंतर्गत लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। स-रकार गरीबों को फ्री में आवास, शौचालय, 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर दे रही है। जब अच्छी सरकार आती है तो ऐसे ही परिवर्तन लाती है। वहीं पाकिस्तान को देख लीजिए वहां पर आज रोटी के लाले पड़ रहे हैं। सरकार द्वारा 17 लाख से अधिक गरीबों को नगरीय क्षेत्र में 1-1 आवास उपलब्ध करवाया जा चुका है। इसमें 17 लाख से अधिक और ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ दिया जाए तो यह संख्या 34 लाख हो जाती है। प्रदेश में 10 करोड़ को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। 15 करोड़ लोगों को मार्च 2020 से फ्री में राशन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है जो अभी भी जारी है। देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 सिटी को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का एक लक्ष्य रखा था, जिसमें से 10 प्रदेश के थे। जहां युद्धस्तर पर विकास कार्य हो रहे हैं। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सभी 17 नगर निगम को स्मार्ट सिटी के साथ जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन में प्रदेश का नगर विकास नंबर एक पर है। आपने देखा होगा कि कोरोना कालखंड के अंदर कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ने बहुत ही अच्छा कार्य किया था। इसी तर्ज पर सभी 75 जनपदों में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाए गए थे, जहां से लोगों को दवा, वैक्सीन, टेस्ट, राशन आदि की सुविधा दी गई।

## मोदी-योगी सरकार ने वाराणसी को किया वैश्विक आयोजनों के लिए तैयार

# दुनिया के 20 दिग्गज देशों के प्रतिनिधियों के वेलकम के लिए तैयार हुई काशी

### 17 से 19 अप्रैल तक वाराणसी में आयोजित होगी जी-20 एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की मीटिंग

**– जी-20 समिट की मेजबानी के रूप मे वाराणसी को मिला बेहतरीन अवसर**

**– विश्व की आर्थिक महाशक्ति कहे जाने वाले 20 देशों के महत्वपूर्ण डेलीगेट्स आ रहे काशी**

वाराणसी, 6 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धाराताल पर उतारते हुए उत्तर के प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी की तस्वीर बदल दी है। पुरातन और आधुनिक संस्कृति को जोड़ते हुए काशी का ऐसा कायाकल्प हुआ की वाराणसी अब अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है। वाराणसी में जी-20 की छह बैठकें होनी हैं, जिसमें विश्व के 20 शक्तिशाली देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए वाराणसी में प्रशासन मिशन मोड में जुटा हुआ है। वाराणसी में जी-20 को लेकर 17 से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की मीटिंग का आयोजन होने जा रहा है।

पूरे विश्व में काशी नगरी सनातन धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के धरोहर के रूप में जानी जाती है। मोदी-योगी सरकार ने काशी में विकास की गंगा ऐसी बहाई है, जिससे इस प्राचीन नगरी का निरंतर चतुर्दिक विकास हो रहा है। आज वाराणसी विकास के मॉडल के रूप में उभरा है। यही कारण है कि ये शहर पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद दर्ज कर रहा है। इसके साथ ही अब काशी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए भी पूरी तरह से तैयार है। वाराणसी स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ डी वासुदेवन ने बताया कि जी-20 समिट में अंतरराष्ट्रीय डेलीगेट्स के प्रस्तावित मार्गों जिसमें, लालबहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट, शिवपुर मार्ग, चौकाघाट से पड़ाव और नामोघाट समेत अन्य जगहों पर 30 डबल साइड बैकलिट एलईडी यूनिपोल लगाए जा रहे हैं। ये यूनिपोल जी-20 मेहमानों का खास अंदाज में स्वागत करेंगे।

जी-20 समिट के दौरान वाराणसी को अपनी ब्रांडिंग का एक बेहतर अवसर मिला है। नई काशी को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। जी-20 की वाराणसी में होने वाली बैठकों में दुनिया के आर्थिक महाशक्ति वाले 20 देशों के राजनयिक, ब्यूरोकेट्स और अन्य महत्वपूर्ण डेलीगेट्स काशी आएंगे। जो काशी की विरासत की नई तस्वीर अपने साथ ले जाएंगे। इसका लाभ आने वाले समय में वाराणसी के पर्यटन उद्योग को मिलना तय माना जा रहा है। बता दें कि काशी में जी-20 की 6 बैठकों का आयोजन हो। यूपी के चार शहर जहां जी-20 की बैठकों का आयोजन हो रहा है, उसमें वाराणसी की संख्या सर्वाधिक है। अप्रैल माह में 17 से 19 तारीख तक तीन दिवसीय एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक की मेजबानी काशी करने जा रही है। इसके अलावा जून माह में जी-20 की यूथ ट्वेंटी समिट का आयोजन होगा। वहीं अगस्त माह में चार अलग अलग ग्रुप की मीटिंग भी काशी में आयोजित होगी।

## बुनियादी सुविधाओं से जोड़े जा रहे 200 से अधिक नगर पालिका और नगर पंचायतः सीएम योगी

6 अप्रैल, लखनऊः सीएम योगी ने परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में कहा कि पिछले 6 वर्ष में 200 से अधिक नगर पालिका और नगर पंचायतों का गठन हुआ। अब उन्हे बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना है। ऐसे में नगर पंचायतों के चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, जहां इज ऑफ लिविंग का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सीएम ने कहा कि नगर विकास के बगैर अन्य व्यवस्थाओं को गति नहीं दी जा सकती है। जिन नगर निकायों में इलेक्ट्रिक व्हीकल चलायी गई, उनके आस-पास के शहरों से इनकी नई डिमांड आ रही है। वो दिन दूर नहीं जब सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली में भी आपको इलेक्ट्रिक व्हीकल चलते दिखाई देंगे।

### विकास का चुनाव से नहीं कोई नाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के पांच शहरों में मेट्रो चल रही है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश में ही सर्वाधिक मेट्रो का संचालन हो रहा है। आगरा में इस वर्ष के अंत तक मेट्रो को संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं दुनिया की सबसे प्राचीन नगरी काशी में रोपवे के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत जिन 240 नगर निकायों का विस्तारीकरण हुआ था। जैसे लखनऊ नगर निगम में कई गांव आए, पहले की सरकारों के समय में वहां पर विकास तब होता था जब वहां चुनाव होते थे। लेकिन हमने आते ही कहा कि विकास के लिए इंतजार क्यों करना। चुनाव जब होंगे तब होंगे लेकिन विकास से कोई वंचित नहीं होना चाहिए।

### 9.31 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को दी गई 204565 करोड़ की राशि

**सीएम ने आगे कहा कि इसके अलावा मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित बस्ती योजना के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्य हुआ। पहली बार आपने देखा होगा स्ट्रीट वेंडर जिन्हें पहले कोई नहीं पूछता था,वह हर जगह प्रताड़ित होते थे, शोषण का शिकार होते थे, लेकिन पहली बार प्रधानमंत्री जी ने स्ट्रीट वेंडर के लिए कोई योजना बनाई और स्ट्रीट वेंडर का व्यवस्थित रजिस्ट्रेशन, उन्हें बैंक के साथ जोड़ना, डिजिटल पेमेंट के साथ जोड़ने के साथ ही ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाने की कार्रवाई की गई। मुझे लगता है कि देश के अंदर सर्वाधिक स्ट्रीट वेंडर को जोड़ने वाला यानी इसके अंतर्गत 9 लाख 31 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर को अब तक 204565 करोड़ रुपए की राशि वितरण करने का कार्य भी यहां हुआ है। आप सोचिए 931000 परिवारों के जीवन में परिवर्तन करना कोई संवेदनशील सरकार ही सोच सकती है और सरकार की योजना का ही परिणाम है की दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत भी शहरी क्षेत्र में उन माताओं के लिए, उन बहनों के लिए भी कार्य हुआ है जो घर-गृहस्थी के कार्य करने के बाद घर में बैठी रहती थीं। वह महिला स्वयंसेवी समूह से जुड़कर बहुत सारे कार्य कर सकती हैं, अलग-अलग वार्डों में, अलग-अलग निगम में सरकार के कार्यक्रमों को आगे बढ़ा सकती हैं।**

## नल कनेक्शन देने के मामले में यूपी ने राजस्थान को भी पछाड़ा

लखनऊ, 6 अप्रैल। योगी सरकार ने हर घर नल योजना में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नल कनेक्शन देने के मामले में यूपी ने जहां राजस्थान को पछाड़ा है वहीं सबसे अधिक नल कनेक्शन देने में देशभर में वो तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। यूपी ने गुरुवार तक 97 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचा दिये हैं। इसके साथ ही जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से पांच करोड़ से अधिक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिलने लगा है। आंकड़ों के मुताबिक यूपी ने गुरुवार तक 97,11,717 से अधिक परिवारों तक टैप कनेक्शन पहुंचा दिये हैं। योजना से 5,82,70,302 से अधिक ग्रामीण लभान्वित हो रहे हैं। जबकि राजस्थान में 39,33,140 टेप कनेक्शन दिये गये हैं। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के अनुसार यूपी के 36.59 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचाने का सरकार का संकल्प पूरा हो चुका है। जबकि राजस्थान में 36.47 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचा है। यूपी में जहां प्रत्येक दिन लगभग 40 हजार से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन दिये जा रहे हैं। वहीं राजस्थान में यह आंकड़ा 5 हजार से अधिक है। मुख्यमंत्री की ओर से हर घर जल योजना की निरंतर समीक्षा के फलस्वरूप बीते फरवरी माह में ही यूपी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल को पछाड़ कर 81 लाख से अधिक परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने की उपलब्धि हासिल की थी।

## जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर से स्टडी टूर पर आए सात देशों, यथा मालदीव, भूटान, नेपाल, इत्यादि की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की

दैनिक समाज जागरण विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख

आगरा। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व पुलिस कमिश्नर प्रीतिन्दर सिंह से स्टडी टूर पर आए सात देशों, यथा मालदीव, भूटान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका,



बांग्लादेश के छात्र/छात्राओं के 21 सदस्यीय ग्रुप ने सर्किट हाउस में मुलाकात की तथा भारत के संघीय व्यवस्था के अंतर्गत प्रशासनिक ढांचे, पुलिसिंग सिस्टम, स्थानीय प्रशासन, कम्यूनिटी पार्टिसिपेशन, विभिन्न विकास की परियोजनाओं, यातायात व्यवस्था इत्यादि की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने भारत के एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर के बारे में समग्रता से जानकारी देते हुए बताया कि संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा भारतीय सिविल सेवा के अधिकारियों को चुना जाता है, इन चुने अधिकारियों में सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व रहता है। प्रशिक्षण व्यवस्था के बाद विभिन्न राज्यों की सेवाओं में भेजा जाता है। जिलाधिकारी ने सिविल प्रशासन की विभिन्न भूमिकाओं, उत्तर दायित्व, जिम्मेदारी के बारे जानकारी दी। जिसमें राजस्व, विकास संबंधी, समाज कल्याण, डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में प्रशासन की भूमिका को विस्तारपूर्वक बताया। स्टूडेंट ग्रुप द्वारा कम्यूनिटी पार्टिसिपेशन के बारे में जानकारी लेने पर जिलाधिकारी ने जी-20 प्रतिनिधिमंडल के आगमन पर सिविल सोसायटी द्वारा की गई भागीदारी का उदाहरण देते हुए बताया कि प्रशासन के समन्वय से एनजीओ, स्थानीय नागरिकों व सामाजिक संस्थाओं ने वॉल पेंटिंग, हॉर्टिकल्चर ब्यूटिफिकेशन के विभिन्न कार्य साफ सफाई, स्वच्छता में अपना योगदान दिया। डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के बारे में जिलाधिकारी महोदय ने जानकारी देते हुए मेट्रो प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि मेट्रो रेल प्रोजेक्ट भविष्य की यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम बनाने, कम्यूनिटी यातायात को बढ़ावा, यात्रा के समय को घटाने, पर्यावरण सुरक्षा जैसे विभिन्न उद्देश्य को लेकर बनाया गया है।

पुलिस कमिश्नर ने पुलिसिंग सिस्टम की जानकारी देते हुए ट्रेनिंग व्यवस्था, पड़ोसी देशों को पुलिसिंग की ट्रेनिंग, कांस्टेबल से डीजीपी तक पुलिस सोपानिक व्यवस्था, कम्यूनिटी पुलिसिंग, अर्धसैनिक बल, जेल सिस्टम,जेल में बंदियों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों, विभिन्न अपराध यथा साइबर क्राइम, मनीलाउंड्रिंग, अभ्यस्त अपराधियों, पुलिस द्वारा निभाई जा रही विभिन्न भूमिकाओं को समझाया।


पुलिस कमिश्नरी सिस्टम, टूरिस्ट पुलिस, फॉरेस्ट पुलिस विभिन्न पर्यावरण संबंधी नियामक संस्थाओं व आगरा के ऐतिहासिक इमारतों, स्थानीय उत्पादों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर उप निदेशक, समाज कल्याण, आगरा मंडल आनंद कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, उपायुक्त उद्योग, अनुज कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर सैयाँ में निकाली भव्य शोभायात्रा

दैनिक समाज जागरण विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। सैयाँ में विहिप,बजरंग दल,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व व्यापार मण्डल के कार्यकताओं द्वारा संयुक्त रूप से हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई।



शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक भगवान सिंह कुशवाह व थाना प्रभारी समरेश सिंह ने हनुमानजी की आरती कर किया। शोभायात्रा बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से शुरू होकर मैन बाजार,लादुखेड़ा चौराहा सब्जी मंडी,कस्बे के विभिन्न मार्गो में भृमण करते हुए बैंड बांजों व हनुमान,राम सीता आदि झांकियों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

मन्दिर पर पताका फहराकर सुन्दर काण्ड का पाठ व भंडार में प्रसाद वितरण किया गया।

शोभायात्रा में आयोजक भीमा गोयल,आशु वर्मा ,लल्लू प्रधान, टोनी,नीरज गोयल,सौरभ उपाध्याय, कपिल सैयां खण्ड प्रचारक अंकित भारत, खण्ड कार्यवाह विनोद कुमार, सह खण्ड कार्यवाह प्रेम सिंह त्यागी, बौद्धिक प्रमुख अमर शर्मा बजरंग दल के कार्यकर्ता व ग्रामीण सम्मलित रहे।

## खेरागढ़ में भाजपाइयों ने मनाया 44 वाँ स्थापना दिवस

दैनिक समाज जागरण विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर खैरागढ़ नगर मंडल के बूथ संख्या 143 स्थित फूलवती देवी इंटर कॉलेज पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें पार्टी की रीति नीति एवं सिद्धांतों से बूथ के लोगों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेरागढ़ विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ का स्वागत कर मिल जुल कर कार्य करने को कहा।



इस दौरान जिला उपाध्यक्ष दिनेश गोयल,नगर अध्यक्ष मोहन गोयल,जगनेर चेयरमैन कुलदीप गर्ग,जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश गर्ग,पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी बंधु उपस्थित रहे।

## जगनेर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन छः अप्रैल से

दैनिक समाज जागरण विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुक्ला मैरिज होम आगरा रोड़ जगनेर मैं छः अप्रैल से 13 अप्रैल तक समस्त जगनेर जनता जनार्दन द्वारा किया जा रहा है। जिसकी भव्य कलश यात्रा शुक्ला मैरिज होम से प्रारंभ होकर मैन बाजार से होते हुई ग्वाल बाबा मंदिर की परक्रमा के रस्ते मैं कई जगह उनका शरबत पीला कर स्वागत किया गया। आज प्रथम दिन श्रीमद भागवत का पूजन पंडित श्री हरेंद्र कृष्ण श-ास्त्री वृंदावन वालो द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से रामावतार तोमर, महेश बाबूजी, शिवकुमार बंसल, सतीस, लवकुश उपाध्याय,पवन कुमार, श्याम सुंदर, योगेश कुमार, सुलतान, दयालु बिंदल, त्रिलोकी सेठ, मुकेश तिवारी, दीपक शुक्ला आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## बजरंगदल बटेश्वर ने हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शमशाबाद में भव्य शोभायात्रा

दैनिक समाज जागरण विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। बुधवार को बजरंगदल ज़िला बटेश्वर (फतेहाबाद) द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर के उपलक्ष्य में शमसाबाद में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा शुरू होने से पूर्व विहिप के प्रांत सह मंत्री राकेश त्यागी द्वारा दिप प्रज्वलित किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि देव भक्ति से देश भक्ति करते हुए अपनी मातृभाषा भारत को विश्व गुरु के आसन पर विराजमान किया जाए ० आज के युवाओं को हनुमान जी को अपना आदर्श मान कर समाज का कार्य करना चाहिए और हिंदू बहन बेटियों ० मंदिरों की रक्षा करनी चाहिए यात्रा में 250 युवा कार्यक्रम सयोजक धीरज के नेतृत्व में सभी युवा अपने हाथो भगवा लिये अमृत गार्डन राजाखेड़ा रोड़ से शमसाबाद चौराहे होते हुए दाऊजी मंदिर पर महाआरती कर समापन किया गया।



यात्रा में प्रमुख रूप से विहिप प्रान्त मंत्री राकेश त्यागी,प्रान्त सुरक्षा प्रमुख बजरंगदल बंटी ठाकुर,तेजपाल यादव,मेहताब सिंह,मनीष झा,डुगर सिंह,राजकुमार,वीरेश,गोपाल सिंह,प्रमोद,योगेन्द्र धाकरे, कृष्ण माहोर,एडल सिंह,जयबीर सिंह, सोमवीर तोमर, गुड्डू,अजय,भुरा,रिंकु,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कागारौल हनुमान जी की बगीची पर धूमधाम से मनाया श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव

दैनिक समाज जागरण विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। कागारौल कस्बे के विश्रामपुर रोड़ स्थित हनुमान जी की बगीची पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल फूल बंगला व सुंदरकांड का पाठ कराया गया। जिसमें सुबह छः बजे जल अभिषेक,सात बजे हवन व 9 बजे से सुंदरकांड का पाठ कराया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में हनुमान के भक्तों ने कार्यक्रम में शामिल होकर सुन्दरकाण्ड का पाठ किया। वही कार्यक्रम के बाद प्रसाद का आनंद लिया।



इस दौरान थाना अध्यक्ष सुभाष चंद पांडेय,ग्राम प्रधान पति बच्चू सोलंकी,डॉ के के बंसल,भगवानदास सिंघल,भगवानदास भगत जी,प्रदीप मंगल,विजय पंडित जी,सचिन गोयल,दिनेश मंगल,राहुल जोशी,जगदीश गुप्ता,बिजेंद्र सिंह,सोनू शिवहरे,अनन गोयल,मुन्ना चाहर,प्रदीप सक्सेना,सतीश बघेल,पंडित सरवनलाल जी,अशोक बंसल,प्रशांत बंसल,आकाश,पीयूष,यतेंद्र सोनी,सोनू सिंघल,एवं समस्त हनुमान भक्त मौजूद रहे।

## कस्बा फतेहाबाद में निकली हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा

### शोभायात्रा का जगह - जगह हुआ स्वागत

दैनिक समाज जागरण विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख

आगरा। कस्बा फतेहाबाद में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकली गई। कस्बा फतेहाबाद के शिव मंदिर रोडवेज बस स्टैंड से हनुमान शोभायात्रा का सुभारंभ हुआ। कस्बा फतेहाबाद के व्यापारियों ने यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की तथा हनुमान जी की आरती उतारी गई। शोभायात्रा में शामिल लोगों को व्यापारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। कस्बा फतेहाबाद में यह शोभायात्रा अंबेडकर चौक, सदर बाजार ,गांधी चौक होते हुए बाह रोड स्थित हनुमान मंदिर पर जाकर शोभायात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिंदू



परिषद जिला सुरक्षा प्रमुख डोंगर सिंह चौहान,जिला संयोजक मनीष झा,रोहित शर्मा प्रचार प्रसार प्रमुख, सुनीलचौहान,नितिन शर्मा,हरिओमपरमार,पंकज,प्रदीप शर्मा धीरज चौहान, केपी चौहान, चंदन,शिवमतोमर,के-के,विजय गुर्जर कृष्णकांत,बंटी सविता आदि रहे।आदि उपस्थित थे।

## कुल्हनामऊ गांव के काश्तकारो ने जिलाधिकारी से मिलकर समस्या से अवगत कराया

**डीएम ने शीघ्र ही समस्या के समाधान की बात कही**

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। सिकरारा विकास खण्ड के कास्तकारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर आज 6 मार्च को जिलाधिकारी को चकबंदी से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने कहा कि क्षेत्र के कुल्हनामऊ गांव में चकबंदी प्रक्रिया शुरू हो गई है जबकि चकबंदी आयुक्त के निदेर्शों के अनुसार उक्त गांव को चकबंदी से पृथक कर देना चाहिये। इसके बावजूद चकबंदी विभाग के कुछ अधिकारी निहित स्वार्थों को लेकर गांव में चकबंदी प्रक्रिया शुरू कर दिये हैं। ऐसी प्रक्रिया को देखते हुये उक्त गांव के कास्तकारों ने रोष प्रकट करते हुए अन्ततः जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिस पर उन्होंने शीघ्र ही समस्या का समाधान करने की बात कही। लोगों ने कहा कि कुल्हनामऊ गांव में दलबंदी, विकसित और मास्टर प्लान के अन्तर्गत आ गया है। वहां की बेशकीमती जमीन और मुंहमांगी रकम के लिये चकबंदी के जिम्मेदार लोग जुटे हैं। इसी के तहत नगर पालिका परिषद ने 12 एकड़ जमीन को अधिग्रहण कर लिया है। जिलाधिकारी से मिल कर ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से देवेन्द्र कुमार, अशोक यादव, मटरू यादव, बलवन्त सिंह सहित तमाम काश्तकार शामिल रहे।



## निषादराज जयन्ती के अवसर पर मल्लाह समाज ने केरारवीर मन्दिर पर सभा कर निकाली विशाल शोभायात्रा

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। महर्षि ऋषि व श्रृगवेरपुर नरेष निषादराज गुहय की जयंती धूमधाम से मनायी गयी जिसके बाबत निषाद समाज के सैकड़ों लोग सद्भावना पुल के पास स्थित केरारवीर मन्दिर के प्रांगण में एकत्रित हुये और सभा की तत्पश्चात यहां से सभी लोग शोभायात्रा निकाले जो नगर के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुये दीवानी न्यायालय के पास स्थित अम्बेडकर तिराहे पहुंचे जहां आयोजित सभा की अध्यक्षता प्रेमा देवी ने किया। इस मौके पर उपरोक्त महापुरूषों को कुलगुरू की उपमा से नवाजते हुये इतिहास व वेद पुरूष के रूप में स्पष्ट किया गया।जिसमें भगवान श्रीराम के परम सखा निषादराज रहे जो उनके वनवास काल में साथ दिये। शोभायात्रा में तमाम झांकियां रहीं जिसमें शामिल लोग झूमते–गाते–नाचते जयघोष करते चल रहे थे। आयोजित सभा को अश्वनी निषाद, राजनाथ निषाद, राजकुमार बिन्द, नन्द लाल निषाद, तिलकधारी निषाद, रामफेर निषाद, जगदीश प्रसाद मौर्य गप्पू आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद गुलाब चन्द्र निषाद, नन्द लाल नागर, चन्दन निषाद, मनोज नागर, राहुल बिन्द, राजकुमार निषाद एडवोकेट, धर्मराज निषाद लल्लन मिस्त्री, डा. कमलेश निषाद, लालमन निषाद, वंशराज निषाद, आशा रानी निषाद, मीना देवी मझवार, पुष्पेन्द्र निषाद, रामचन्दर बिन्द, प्रभाकर निषाद, दीपक बिन्द, सुरेश बाबा, राज निषाद, सुनील निषाद प्रधान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजनाथ निषाद व रमेश चन्द्र साहनी एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया।



## शारदा शक्तिपीठ (मैहर देवी) मंदिर में मनायी गयी हनुमान जन्मोत्सव व चैत्र पूर्णिमा

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। चरण शरण में आयें के, धरु तिहारो ध्यान, संकट से रक्षा करो, हे महावीर हनुमान। हनुमान जयंती पर श्री माँ शारदा शक्तिपीठ (मैहर देवी) के प्रांगण में स्थित हनुमान मन्दिर में प्रातःकाल से हनुमान जी का श्रृंगार-पूजन किया गया। महिलाओं द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ पढ़ा गया साथ ही हनुमान जन्मोत्सव पर हरे कृष्णा हरे राम का जाप वादन के साथ किया गया। संकट मोचन प्रभु श्री हनुमान जी की कृपा व संकट से मुक्ति पाने हेतु भक्तजनों का हनुमान जी के दर्शन हेतु तांता लगा रहा। हनुमान जी को लड्डू का भोग लगाया गया। दर्शन-पूजन के बाद भक्तों ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया। भक्तों के लिए कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सत्य प्रकाश गुप्ता एडवोकेट, रविकान्त जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, सुशील जायसवाल, रोहित जायसवाल सहित पुजारीगण एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## गौआश्रय स्थलों एवं सहभागिता योजना का स्थलीय निरीक्षण

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

शासन की मंशा के अनुरूप और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के



निर्देश पर अखिलेश कुमार मिश्रा, विशेष सचिव उच्च शिक्षा गाजीपुर जनपद के नोडल अधिकारी के रूप में संचालित गौआश्रय स्थलों एवं सहभागिता योजना का स्थलीय निरीक्षण हेतु दौरे पर हैं।

इस क्रम में गुरुवार को वृहद गौआश्रय स्थल करीमुद्दीनपुर, असावर और सिऊरी का निरीक्षण नोडल अधिकारी द्वारा किया गया।

नोडल अधिकारी ने गौआश्रय स्थल पर रखे गए गोवंशों का सत्यापन अभिलेखों के आधार पर किया तथा सहभागिता योजना में सुपुर्द किए गए पशुओं की संख्या का सत्यापन भी किया।

नोडल अधिकारी द्वारा वर्तमान माह में सस्ते दर पर भूसा खरीद एवं स्थानीय गणमान्य कृषकों द्वारा दान में भूसा प्राप्त कर कर स्टोर करने के कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।

नोडल अधिकारी ने गौसंरक्षण, आश्रय स्थलों की व्यवस्था, सहभागिता इत्यादि जैसे कार्यक्रम पर संतुष्ट दिखे।

सम्पूर्ण भ्रमण के दौरान एडीएम,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम मुहम्मदाबाद, बीडीओ, प्रधान करीमुद्दीनपुर फरीदा परवीन, प्रधान पति मोहम्मद अलीम, सम्बंधित पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, पंचायत सेक्रेटरी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं ने भव्य शोभायात्रा निकाला

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं ने भव्य शोभायात्रा निकाला।इस शोभा यात्रा का शुभारंभ मां कष्टहरणी धाम करीमुद्दीनपुर से किया गया।इस शोभा यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री राम के जयकारे जय जय श्री राम की जय जय कार से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था।इस शोभा यात्रा का दुबिहां मोड़ के बाद लट्ठूडीह स्थित घंटेश्वर नाथ महादेव के परिसर में समापन किया गया। इस कार्यक्रम में मां कष्टहरणी धाम के पुजारी राजकुमार पाण्डेय,राजेश राय बागी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमकार नाथ राय जिला संयोजक बजरंग दल अमिता राय,जिला मंत्री दयाशंकर तिवारी, बाराचवर प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र राय दुर्गा वाहिनी जिला सह संयोजिका कंचन तिवारी, ज्ञान प्रकाश राय,संजीव राय बबलू,गोल्डन चौरसिया, मनीष गुप्ता, सुबोध बागड़ी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता भव्य शोभायात्रा में उपस्थित रहे।



## गोमती संरक्षण के लिये वाटर वूमेन की पदयात्रा गोपी घाट पहुंची

***पर्यावरण के साथ मानव सभ्यता की भी संरक्षक हैं नदियां : वॉटर वुमेन***

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



जौनपुर। पंचतत्व फाउंडेशन की संस्थापक वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक, माँ गोमती की आध्यात्मिक एवं जनजागरण पदयात्रा बुधवार को नगर के बलुआ घाट से शुरू होकर गोपी घाट पहुंची जहां स्वच्छ गोमती अभियान ने वॉटर वुमेन का स्वागत किया। वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक ने बलुआ घाट से पदयात्रा शुरू की। 36 किलोमीटर चलकर वॉटर वुमेन गोपी घाट पहुंची। वॉटर वुमेन का गोपी घाट पर स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। मां गोमती के भक्तों के स्वागत से अभिभूत वॉटर वुमेन ने कहा कि सभी लोग माँ गोमती की सेवा कीजिये, उसे बचाने का प्रयास कीजिये, जल को स्वच्छ रखने का प्रयास कीजिये। उन्होंने कहा कि जल और नदियों को बचाने का एक मात्र उपाय पौधारोपण ही है, इसलिये प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिये और वयस्क होने तक पौधों का संरक्षण भी करना चाहिये।

मौके पर मौजूद पत्रकारों से वार्ता के दौरान वॉटर वुमेन ने कहा कि नदियाँ सिर्फ जल का स्रोत नहीं हैं। नदियों के किनारे सभ्यताओं ने जन्म लिया है, उनका विकास हुआ है, इसलिये नदियाँ मानव सभ्यता की जननी हैं। नदियों को बचाने से मानव सभ्यता का इतिहास भी संरक्षित रहेगा। जिसका इतिहास समाप्त हो जाता है, वह सभ्यता भी नहीं बचती, इसलिये मानव सभ्यता को बचाने के लिये भी नदियों को बचाना होगा और यह कार्य सभी के जागरूक होने से ही संभव है। इस दौरान स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता ने निषादराज जयंती पर नगर के गोपी घाट पर भगवान निषादराज की 101 फीट ऊंची प्रतिमा लगाए जाने हेतु उ0प्र0 सरकार से विनम्र मांग किया। साथ ही बताया कि जल्द इस बाबत संस्था की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजा जाएगा। स अवसर पर महामंत्री ब्रजेश मौर्य, कार्यक्रम संयोजक चन्दन निषाद, अंजू पाठक, प्रमोद श्रीवास्तव, मधुकर तिवारी, बबलू दुबे, आशीष श्रीवास्तव, मोहनीश शुक्ला, अमलेंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, विनोद साहू, विकास, अंशुमान, श्रवण, सोमेश्वर केसरवानी, सुशील चंद्र पांडेय, डॉ. गिरीश चौबे, डॉ. राजदेव दुबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आलोक वैश्य ने किया।

## स्कूल चलो अभियान के तहत कबीरपुर में शानदार जागरूकता रैली का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक अंतर्गत करीमुद्दीनपुर ग्राम सभा के कबीरपुर में स्कूल चलो अभियान के तहत प्रवेशोत्सव के अन्तर्गत प्रायमरी स्कूल के बच्चों द्वारा प्रायमरी पाठशाला से रेलवे लाइन तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।बच्चे जन जन की यही पुकार स्कूल चलो स्कूल चलो का नारा लगाते हुए चल रहे थे।इस जागरूकता रैली में प्रधान प्रतिनिधि फैयाज अहमद, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार गुप्ता,अध्यापक पंचम चौहान,ए आर पी इंदल कुमार राय, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पा कुशवाहा,एवं स्कूल के बच्चे सहित ग्रामवासी शामिल हुए



## हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दुबिहां मोड पर लोगों को शर्वत पिलाया

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील अन्तर्गत करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के दुबिहां मोड पर हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर



डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के सौजन्य से समस्त राहगीरों को शीतल शर्बत एवं ठंडा पानी पिलाया गया।इस अवसर पर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के डायरेक्टर हर्ष राय,दिवाकर पाण्डेय,प्रधान प्रतिनिधि करीमुद्दीनपुर फैयाज अहमद, अमित रॉय सीनियर कोआर्डिनेटर, शिक्षक रामनारायण राय,जोखन यादव, छात्र शुभम वर्मा, अभय गुप्ता,कुमैल हैदर, नम्या वर्मा,पलक राय, अर्पण सिंह,कार्तिकेय राय आदि छात्रों ने खूब मेहनत किया। इस कार्यक्रम को संचालित करने में संतोष यादव का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर पप्पू सिंह,काशीनाथ यादव, रामविलास, संजीव तिवारी, दीपक श्रीवास्तव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संगीतमय सुन्दर काण्ड, सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ 11बार , आरती उसके उपरांत प्रसाद वितरण व भंडारा सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री हनुमत मानस सत्संग सेवा समिति सदर रोड मुहम्मदाबाद के श्री राम चबूतरे पर संगठन के तत्वाधान में सामुहिक संगीतमय सुन्दर काण्ड, सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ 11बार , आरती उसके उपरांत प्रसाद वितरण व भंडारा किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हुए इस कार्यक्रम के संरक्षक विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल व इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आदित्य गुप्ता बजरंगी, अमित अग्रवाल, विभाग संयोजक श्रीनारायण राय , विनोद गुप्ता, गोविंद शर्मा, सुधाकर राय, दीपक वर्मा,सूरजीत जी व समस्त चौकवासी व अन्य नगर एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।



## प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर के निधन पर जौनपुर डिपो में हुई शोकसभा

जौनपुर। रोडवेज परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर पाण्डेय का सुबह पीजीआई में उपचार के दौरान निधन हो गया जिसकी जानकारी होने पर शोक की लहर दौड़ गयी। इसी क्रम जौनपुर डिपो में शोकसभा हुई जिसकी अध्यक्षता दीनानाथ यादव अध्यक्ष रोडवेज परिषद जौनपुर डिपो ने किया। शोकसभा में जिला राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला मंत्री सत्य प्रकाश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष भवनाथ यादव, पूर्व मंत्री कमला प्रसाद पाण्डेय, शाखा मंत्री रविंद्र पाण्डेय, पुरुषोत्तम यादव, हौसला प्रसाद यादव, प्रेमचंद्र इत्यादि सहित तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा ने मनाया 43वां स्थापना दिवस

**मड़ियाहूं संवाददाता समाज जागरण**

मड़ियाहूं, जौनपुर। आज 6 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को मड़ियाहूं नगर में स्थित उषा उपवन में जिला अध्यक्ष की अगुवाई में भाजपा का स्थापना दिवस बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष (मछली शहर जिला) रामविलास पाल ने दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भावी प्रत्याशी सोनी जायसवाल ने प0 दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उसके उपरान्त माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी एवं परम आदरणीय यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के सम्बोधन को लोगों ने लाइव सुना। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजेन्द्र श्रीवास्तव, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह, शिवशंकर गुप्ता, राकेश शुक्ला, भैया राम पटेल, संतोष मित्र, नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी कमला प्रसाद साहू,राकेश गुप्ता, माता प्रसाद यादव, सोनू जायसवाल, शेरू, अमरदीप मोदनवाल मोदनवाल उर्फ जुगनू,आनंद जायसवाल, अरविंद चौरसिया, समाजसेवी विनोद जायसवाल, रामलीला अध्यक्ष दिलीप साहू सहित नगर के तमाम गणमान्य लोग और बीजेपी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शो के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

***आबकारी निरीक्षकों के द्वारा देशी, विदेशी, बियर दुकानों का किया गया सघन निरीक्षण, पेटियों और बोतलों पर लगे बार कोड़ एवं क्यू आर कोड़ का भी किया गया मिलान।***

गौतमबुद्धनगर 06 अप्रैल, 2023 आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के







विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चन्द, क्षेत्र 2 रवि जायसवाल व क्षेत्र 4 अभिनव शाही द्वारा दिल्ली गौतमबुद्धनगर बॉर्डर पर स्थित कोंडली में दिल्ली की तरफ से आने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गयी तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 व क्षेत्र 2 द्वारा गार्डेन गेलेरिया माल स्थित बार अनुज्ञापनो, इवेंड बार अनुज्ञापनो व रेस्टोरेंट एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 द्वारा ए.टी.एस. गोल चक्कर स्थित क्यूरियस मग रेस्टोरेंट व गौर सिटी स्थित स्काई बार हेडक्वार्टर रेस्टोरेंट एवं गेलेक्सी ब्लू सफायर स्थित तथास्तु रेस्टोरेंट का सघन निरीक्षण किया गया व उनके नियमानुसार संचालन को सुनिश्चित किया गया। इसी प्रकार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 शिखा ठाकुर द्वारा नगलाचरणदास, गेझा कार मार्केट व रायपुर यमुना पुस्ता स्थित देशी विदेशी बियर दुकानों तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6 पी सी दीक्षित द्वारा जेवर थाना क्षेत्र स्थित देशी विदेशी बियर दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया व पेटियों और बोतलों पर लगे बार कोड़ एवं क्यू आर कोड़ का मिलान किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## पराविधिक स्वयं सेवक योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर द्वारा मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर पराविधिक स्वयं सेवकों को किया जाएगा नामित।

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर अवनीश सक्सैना ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की पराविधिक स्वयं सेवक योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के लिए जनपद में मुख्यालय स्तर एवं प्रत्येक तहसील स्तर पर विधिक सेवाओं सम्बन्धी कार्य किये जाने के लिए पराविधिक स्वयंसेवकों को नामित किया जाना है।

उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्ति(महिला/पुरुष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हो, शिक्षित हो, अधिमानतः हाई स्कूल या समकक्ष हो, आवेदन करने की अंतिम तिथि को न्यूनतम आयु 18 वर्ष हो एवं अधोलिखित समूह शिक्षक (सेवानिवृत शिक्षक सहित), सेवानिवृत सरकारी सेवक एवं वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्य में परास्नातक विद्यार्थी व शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, छात्र और विधि छात्र(अधिवक्ता के रूप में पंजीयन तक), गैर राजनैतिक, सेवाभिमुख संगठन(स्वयं सेवक समूह) एवं क्लब के सदस्य, मैत्री समूह आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति(विद्वान अधिवक्ता को छोड़कर) जो स्वयं सेवा में रुचि रखते हो तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकरण उचित समझे के अंतर्गत आते हो। पूर्व में चयनित पराविधिक स्वयं सेवक (अधिवक्ता को छोड़कर) पुनः आवेदन दे सकते हैं। आवेदक स्थानीय व भारत का नागरिक हो, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, अच्छे चरित्र का हो तथा समाज सेवा में रुचि रखता हो, ऐसे नागरिक जिनके खिलाफ कोई दांडिक वाद लंबित हो अथवा किसी वाद में दंडित हुए हो आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में चयनित प्राविधिक स्वयं सेवक पुनः आवेदन दे सकते हैं, उन्हें वरीयता प्रदान की जाएगी। आवेदक जिला स्तर, तहसील स्तर पर कार्य करने की इच्छा या वरीयता दशार्यें।

आवेदक द्वारा विहित प्रपत्र में पूरी तरह भरकर तथा अपने शैक्षणिक एवं अन्य योग्ताओं का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां लगाकर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थित दीवानी न्यायालय परिसर, सूरजपुर ग्रेटर नोएडा जनपद मौतमबुद्धनगर के कार्यालय में कार्य दिवस पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीयन डाक से अंतिम तिथि दिनांक 20-04-2023 तक प्राप्त कराये जा सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

उन्होंने पराविधिक स्वयं सेवकों के कार्य तथा पारिश्रमिक के बारे में बताते हुए कहा कि पराविधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिये पीड़ितों एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकरण के प्रबन्ध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा सौंपा जायेगा को करना है। उन्होंने कहा कि प्राविधिक स्वयं सेवकों के कार्य का कोई वेतन नहीं है। पीएलवी को समय-समय पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण/उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जाता है। चूंकि पराविधिक स्वयं सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है, तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नही है। अतः पदों का आरक्षण नहीं है, परन्तु योजना के अनुरूप सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। उन्होंने जन सामान्य का यह भी आह्वान किया है कि इस संबंध में अधिकतम जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने चयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पराविधिक स्वयं सेवकों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से चयन समिति द्वारा किया जाएगा, जिसका चयन के संबंध में निर्णय अंतिम होगा। अधिक संख्या

# इंजीनियर मुअज्जम ने हर साल की तरह से हज ट्रेनिंग कैंप लगाया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार इंजीनियर



मुअज्जम ने अमान नगर में दिनांक 5/4/2023 को एक हज ट्रेनिंग कैंप लगाया गया 20 सालों से हज आजमीन की निस्वार्थ सेवा मे लगे इंजीनियर मुअज्जम हर साल की तरह फिर से ने केवल हज पर जाने वाले लोगों का ट्रेनिंग कैंप लगाया बल्कि उनको हज से जुड़ी दूसरी अहम बातें भी सिखाई ट्रेनिंग कैंप में हज में मौलाना इरफान ने मदीने के ताल्लुक से लोगों को जानकारी दी मौलाना जावेद ने हज की फजीलत बयान की इंजीनियर मुअज्जम ने हज व उमराह का पूरा तरीका बताया खुर्शीद मास्टर ने मक्का की रवानगी अराफात का मैदान शैतान को कंकर मारने के बारे मैं तसवील से बताया इस कैंप में इंजीनियर महताब हाशिम अंसारी फैसल आबिद राशिद हुसैन आफाक हुसैन साकिब आदि मौजूद रहे

# पुलिस ने कच्ची शराब साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़- स्थानीय पुलिस ने गस्त के दौरान 20 लीटर कच्ची शराब के



साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम भिक्खावाला स्थित सरकारी पंप हाउस के निकट बलदेव सिंह पुत्र जसवंत सिंह को निवासी कुआंखेड़ा थाना बढ़ापुर को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा अपराध संख्या 104 /23 धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में सन्नी मालिक वह नितिन कुमार थे।

# दो मासूम बच्चीयो ने मदीहा और कलसूम ने रखा पहला रोजा मांगी दुआएं

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद - राहतपुर निवासी मुफ्ती सज्जाद की दो मासूम बच्चियों ने अपनी



जीवन का पहला रोजा. रखकर अल्लाह से मुल्क की अमनो अमान के लिए दुआएं मांगी। नगर नजीबाबाद के मोहल्ला रम्पुरा की रफुग्रान मस्जिद में इमामत कर रहे मुफ्ती सज्जाद की दो मासूम बच्चियों मदीहा( 7 वर्ष) और कलसूम (6 वर्ष) दोनो ने अपने जीवन का पहला रोजा.रखकर अल्लाह की इबादत की! दोनो मासूम बेटीयो की रोजा रखने की जिद के आगे माता पिता की एक ना चली और दोनो ने सुबह सहरी में उठकर रोजा रख लिया! और रोजे. के साथ इफ्तारी का वक्त आते ही अपनी वालिदा के साथ कामकाज में भी हाथ बटाया! रोजे. का वक्त होने पर अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर अल्लाह ताला से ताला से अपने मुल्क में खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। शाम को रोजा. पूरा होने पर परिवार के लोगों ने दोनों का रोजा. पूरा होने पर खुशी का इजहार किया।

# 11 अप्रैल को भेटुआ में लगेगा दिव्यांग जनों के लिए शिविर

भेटुआ अमेठी

दिव्यांग जनों को उनकी आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग लगाये जाने एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 11 अप्रैल को भेटुआ ब्लॉक परिसर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से एलिम्को कानपुर नगर जी0टी0 रोड़ द्वारा चिन्हांकन शिविर लगाया जायेगा भेटुआ के सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) अम्बरीष मिश्रा ने इस बाबत जानकारी साझा करते हुए बताया कि क्षेत्र के ऐसे दिव्यांग जिनके पास 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता का प्रमाण पत्र है वे चिन्हांकन शिविर में अपने प्रमाणपत्र,आय प्रमाण पत्र,आधार तथा दो फोटो के साथ उपस्थित हो पात्रता के आधार पर कृत्रिम हाथ- पैर तथा सहायक उपकरण ट्राईसाईकिल,मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल,वैशाखी,कान की मशीन, व्हील चेयर, स्मार्ट केन इत्यादि प्राप्त कर सकते हैं

अम्बरीष मिश्रा ने बताया कि यह शिविर खंड विकास अधिकारी भेटुआ कार्यालय परिसर में 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे से संचालित होगा

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित ब्लॉक रोड निकट बाइक से जा रहा युवक ई रिक्शा से टकरा गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

राष्ट्रीय राजमार्ग कस्बा स्थित ब्लॉक रोड निकट बाइक सवार शाह निहाल खान पुत्र सिराज अहमद निवासी कठौरा थाना कमरौली निवासी बाइक से जा रहा था सामने से आ रहे ई-रिक्शा से टकरा गया जिसमें बाइक सवार शाह निहाल खान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ग्रामीणों की शिकायत पर आवारा पशुओं को किया गया संरक्षित

**समाज जागरण अमेठी**

विकास खंड भेटुआ की ग्राम पंचायत भरेथा में किसानों की शिकायत पर



गुरुवार को आवारा मवेशियों के खिलाफ अभियान चलाया गया एडीओ आईएसबी दिग्विजय सिंह तथा एडीओ पंचायत फिरदौस आलम के नेतृत्व में भरेथा ग्राम पंचायत में चलाये गए इस अभियान में गठित टीमों ने कुल 16 आवारा पशुओं को पकड़ने में सफलता हासिल की

पकड़े गए आवारा पशुओं में से सात को जहाँ थौरा गौशाला में संरक्षित कराया गया वहीं नौ मवेशियों को करेड़गांव स्थित गौशाला भेज दिया गया

# उत्तर रेलवे के उप महाप्रबंधक आशुतोष पंत बोले रेलवे ट्रैक के आसपास जानवरों को घुमाने बालो पर होगी कानूनों कार्यवाही

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद अब रेलवे ट्रैक के आसपास जानवरों को घुमाना महंगा साबित हो सकता है रेल मंत्रालय ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्री भारत सरकार को भेजे एक शिकायती पत्र में कहा था कि नजीबाबाद रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर लोग अपने पशुओं को रेलवे ट्रैक के आसपास खुला छोड़ देते हैं जिसे जहां दुर्घटना का खतरा रहता है वही जानवरों की अकस्मात मृत्यु भी हो जाती है बीते 28 मार्च को नजीबाबाद लक्सर रेल मार्ग पर 8 गाय और एक सांड की दर्दनाक मृत्यु ट्रेन की चपेट में आने से हो गई,आरटीआई कार्यकर्ता ने ऐसे लोगों



को चिन्हित कर उनके विरुद्ध रेलवे एक्ट तथा भारतीय दंड संहिता के तहत कार्रवाई की मांग रेल मंत्रालय से की थी जो कि अपने पशुओं को रेलवे ट्रैक पर छोड़ देते हैं।

इसी परिपेक्ष में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उत्तर रेलवे के उप महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने शिकायत का समाधान करते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति रेल लाइनों के आसपास पशुओ को चराते हुए संज्ञान में आता है तो उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी साथ ही दौराने सेक्शन गस्त/चेकिंग रेल लाइनों के आसपास रहने वाले लोगो को भी जागरूक किया जा रहा है व इसके अतिरिक्त सम्बंधित विभाग से समन्वय कर रोकथाम हेतु प्रयास किया जा रहा है।

# मा. मुख्यमंत्री जी ने नगरीय निकायों में 8731 करोड़ की 2029 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास एवं विभिन्न पुस्तकों का किया विमोचन

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

लोकार्पण/शिलान्यास में जनपद अमेठी की 1171.43 लाख की विभिन्न परियोजनाएं भी शामिलमा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का जनपद के समस्त नगर निकायों में किया गया सजीव प्रसारण प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को जिलाधिकारी ने प्रतीकात्मक रूप से वितरित किया चाभी।

अमेठी में मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज लखनऊ में नगर विकास विभाग के 8731 करोड़ की लागत से 2029 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के साथ ही विभिन्न पुस्तकों का विमोचन किया। उक्त लोकार्पण/शिलान्यास में जनपद अमेठी के 1171.43 लाख की विकास परियोजनाएं भी शामिल हैं। जिसमें नगर पालिका परिषद गौरीगंज में 33.67 लाख की लागत से एक एमआरएफ सेंटर, नगर पंचायत मुसाफिरखाना में 33.67 लाख की लागत से एक एमआरएफ सेंटर, नगरपालिका गौरीगंज में 1002.30 लाख की लागत से पेयजल पुनर्गठन योजना से संबंधित परियोजना, नगर पंचायत मुसाफिरखाना में 38 लाख की लागत से पेयजल से संबंधित कार्य, नगर पंचायत मुसाफिरखाना में 35 लाख की लागत से जल निकासी से संबंधित कार्य, नगर पंचायत अमेठी के कटरा हिम्मत सिंह में 28.79



लाख की लागत से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर मा. मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकायों में नागरिक सुविधाओं के स्तरोन्नयन, नगरों को साफ एवं सुसज्जित रखने तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उपरोक्त कार्यक्रम का जनपद अमेठी के समस्त नगर निकायों में सजीव प्रसारण किया गया। जिनमें मा. जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण उपस्थित रहे। सजीव प्रसारण के उपरांत नगरपालिका गौरीगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने प्रतीकात्मक रूप से चाभी का वितरण किया एवं स्वच्छता के क्षेत्र में सफाई नायकों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार, अधिशासी अधिकारी गौरीगंज अविनाश कुमार शुक्ल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण व लाभार्थीगण मौजूद रहे।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

**समाज जागरण अभिषेक तिवार अमेठी**

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था




का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई । बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।

# बजरंगबली की जयकारों से गूंजा नगर,शोभायात्रा को लेकर खुफिया विभाग व पुलिस की ड्रोन कैमरों गतिविधि पर रहीं पहली नजर

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर में हनुमान जयंती का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया। पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जानकारी अनुसार बृहस्पतिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ शिव मंदिर से होकर ढाली बाजार,होली चौक,चिरंजीलाल ,गौहर अली खां से होते हुए पुनः बड़े शिव मंदिर पर समापन हुआ।शोभायात्रा में जय श्री राम,जय हनुमानजी के नारों से शहर गुंजायमान हो उठा सबसे आगे उत्साहित युवक प्रतीक ध्वज लेकर चल रहे थे यात्रा में भगवान गणेश हनुमान जी तथा भगवान राम दरबार की भव्य झांकी शामिल थी शोभायात्रा में शामिल बैंड पर धार्मिक बज रही थी यात्रा में भारी मात्रा में महिलाओं की भागीदारी रही।होली के पर्व पर स्योहारा जैसी घटना ना घटे इसलिए पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देशन पर यात्रा के मार्गों को छावनी में तब्दील कर दिया गया था इसके साथ ही सादा वस्त्रों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया



है जो असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी वहीं ड्रोन कैमरों के जरिए सीओ भरत कुमार सोनकर ने शोभायात्रा निकलने से पहले रुट व घर-घर की छतों का सर्वे भी किया नगर में जगह जगह अस्थाई पुलिस पैकेट लगा दी गई थी छतों पर भी पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया तथा हनुमान जयंती शोभायात्रा की ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जा रही थी किसी भी घटना से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड भी की व्यवस्था की गई थी कुल मिलाकर पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे इस अवसर पर एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल, सीओ भरत सिंह सोनकर, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम आरपी सिंह, एसआई अमित कुमार सिसौदिया, एसआई काजल तेवतिया, अनोखेलाल गंगवार, के अलावा विशेष तौर से अमन अरोरा, संजय जोशी, अतुल जैन, अशोक अग्रवाल, मुकेश शर्मा , नगर अध्यक्ष भाजपा मुकेश शर्मा ,भीम सिंह रावत, मोनू माहेश्वरी , लव अग्रवाल, बबीता रूहेला,रवि कुमार,संदीप महेश्वरी ,सौरभ, आदि शामिल थे।

# दिव्यांगजनों के चिन्हाकंन हेतु शिविर का आयोजन 10 अप्रैल से

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आर0के0 शर्मा ने बताया कि दिव्यांगजनों के हितार्थ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एलिम्को कानपुर द्वारा दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंग लगाए जाने एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु उनका चिन्हाकन किया जाएगा, जिसमें पात्र दिव्यांगजनों को पात्रता के आधार पर कृत्रिम हाथ-पैर एवं सहायक उपकरण में ट्राई साइकिल, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, वैशाखी, कान की मशीन, व्हील चेयर तथा दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए स्मार्ट केन (छड़ी) इत्यादि प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों के चिन्हाकन हेतु शिविर का आयोजन तहसील तिलोई के विकासखंड बहादुरपुर में 10 अप्रैल, तहसील अमेठी के विकासखंड भेटुवा में 11 अप्रैल, तहसील मुसाफिरखाना के विकासखंड जगदीशपुर में 12 अप्रैल तथा तहसील गौरीगंज के विकासखंड जामो में 13 अप्रैल 2023 को प्रातः 11:00 से आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने समस्त पात्रता रखने वाले दिव्यांगजनों से अपील करते हुए कहा कि उक्त तिथियों में नियत स्थान पर अपने समस्त आवश्यक अभिलेख यथा दिव्यांगता का प्रमाण पत्र न्यूनतम 40%, आय प्रमाण पत्र अधिकतम ड्ढ15000 प्रतिमाह, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ चिन्हाकन शिविर में उपस्थित हो सकते हैं। जिससे चिन्हाकन के अनुरूप उन्हें कृत्रिम अंग अथवा सहायक उपकरण समयांतर्गत उपलब्ध कराया जा सके।

# सफाई कर्मी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

एडीओ पंचायत ने दिवंगत सफाई कर्मी के पत्नी को सौंपा सहायता राशि मुसाफिरखाना विकासखंड की ग्राम पंचायत सालपुर के राजस्व ग्राम कादीपुर में तैनात सफाई कर्मी राजेश कुमार की आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी जिसको लेकर एडीओ पंचायत राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में शोक सभा आयोजित हुई जिसमें दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तदोपरांत सफाई कर्मी स्वर्गीय राजेश कुमार के परिजनों को आर्थिक सहयोग के लिए विकासखंड के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा सहायता राशि एकत्रित कर मृतक सफाई कर्मी की पत्नी श्रीमती अखरता देवी को ग्राम पंचायत कपूरचंद पुर में एडीओ पंचायत राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सौंपा गया इस दौरान



सहायक विकास अधिकारी राकेश द्विवेदी ने स्वर्गीय राजेश कुमार के परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया इस मौके पर शत्रोहन कुमार किशोरी लाल मनीराम राम तीरथ मौर्य अकील अहमद खंड प्रेरक शीलवंत सिंह राजनाथ प्रदीप कुमार मौर्य हनुमान प्रसाद विजय कुमार राजेश कुमार राजेंद्र कुमार दुर्गा प्रसाद एवं अन्य विकास कर्मी मौजूद रहे

# फसल काटते समय खेत के कुएं में गिरा हार्वेस्टर, चालक परिचालक को सुरक्षित निकाला

(जाको राखे साइयां, मार सके ना कोए)

रायसेन जिले की तहसील के ग्राम आलमपुर का मामला।

रायसेन। भले ही शासन और जिला प्रशासन द्वारा लगातार क्षेत्र के लोगों के लिए अभियान चलाकर खुले पड़े कुआं बावड़ी को बंद कराने के लिए मुहिम चलाई जा रही है परंतु क्षेत्र में इसका कोई असर होते दिखाई नहीं दे रहा है अभी कुछ दिन पूर्व भी जिला प्रशासन द्वारा जनहित में विज्ञप्ति जारी करते हुए जिले भर में खुले पड़े कुआ बावड़ी को चिन्हित करते हुए उन्हें बंद कराने के लिए आदेश निचले स्तर के राजस्व अधिकारियों को दिए गए थे परंतु बेगमगंज तहसील में इसका पालन होते नहीं दिख रहा है इसका जीता जागता उदाहरण बेगमगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम आलमपुर के एक खेत में खुले हुए में दिखाई दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को ग्राम आलमपुर के किसान द्वारा लड़ाइयां नाले के पास खेत में हार्वेस्टर फसल काटने के लिए चलाया जा रहा था इसी दौरान हार्वेस्टर फसल काटते काटते जब कुएं में बने कुएं के पास से निकला तो खुले हुए में हार्वेस्टर का पहिया इसलिए हो गया और हार्वेस्टर सूखे कुए में जा गिरा इतना ही नहीं हार्वेस्टर चालक और परिचालक भी हार्वेस्टर के साथ ही कुएं



में गिर गए इसी दौरान जब खेत में काम कर रहे किसानों को कुए से चिल्लाने की आवाज मिली तो वह कुए की तरफ दौड़े और किसानों ने जाकर देखा तो कुएं में हार्वेस्टर गिरा हुआ पड़ा था और हार्वेस्टर के चालक और परिचालक भी उस में फस गए थे परंतु किसानों ने अपनी जुगाड़ लगाकर जैसे तसे हार्वेस्टर चालक और परिचालक दोनों को सुरक्षित निकालकर बचा लिया है। इस घटना की सूचना मिलते ही गांव के अनेक किसान मौके पर पहुंच गए थे। ज्ञात हो कि रायसेन जिले में खेत के कुएं में हार्वेस्टर गिरने की है पहली घटना घटित हुई है सवाल है नाइस बात का उठता है कि आखिरकार जला प्रशासन द्वारा लगातार खुले पड़े कुआ बावड़ी को बंद कराने के लिए अभियान चलाकर मुहिम चलाई जा रही है इसके बावजूद भी निचले स्तर पर राजस्व विभाग के अधिकारी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर पा रहे हैं इसी का नतीजा है कि बेगमगंज तहसील के ग्राम आलम खेड़ा के पास खेत में खुले कुएं में हार्वेस्टर गिरने की घटना घटित हुई परंतु भगवान ही मालिक रहा कि हार्वेस्टर के साथ चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए हैं। इस दौरान ग्रामीण बात करते देखे गए कि जाको राखे साइयां मार सके ना कोए।

# बागेश्वर धाम सरकार की श्रीमद्भागवत कथा को लेकर विदिशा में निकली ऐतिहासिक कलश शोभायात्रा

## श्रीमद् भागवत कथा को सुनने के लिए लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना आयोजन समिति ने की व्यापक तैयारियां

(सीएल गौर, रायसेन)

रायसेन। श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम कथा के विश्व विख्यात कथावाचक पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज (पीठाधीश बागेश्वर धाम) की श्रीमद् भागवत कथा आयोजन को लेकर गुरुवार को जिला विदिशा में ऐतिहासिक कलश शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई जो कि अहमदपुर चौराहा हाईवे मार्ग स्थित कथा स्थल तक धूमधाम के साथ पहुंची। कलश शोभा यात्रा का विदिशा नगर में पुष्प वर्षा कर सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 7 अप्रैल से 13 अप्रैल तक किया जाएगा। इस दौरान भागवत कथा के आयोजन को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई है जिसके अनुसार आने वाले समस्त वाहनों बस, ट्रैक्टर ट्राली, चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन के लिए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने का मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी ९ एवं १० अप्रैल को दिव्य दरबार की डायवर्सन एवं मार्ग व्यवस्था पृथक से जारी की जाएगी ।

कथा स्थल पहुंच मार्ग व्यवस्था इस प्रकार रहेगी ,,,,

१, भोपाल, रायसेन की ओर से आने वाले समस्त वाहन अग्रवाल एकेडमी होते हुए पार्किंग स्थल पहुंचेंगे।

2. सागर की ओर से आने वाले समस्त वाहन मिजार्पुर बायपास होते हुए पार्किंग स्थल पहुंचेंगे।

3. राजगढ़, सिरोंज, शमशाबाद, करारिया की ओर से आने वाले समस्त वाहन विवेकानंद चौराहा से अग्रवाल एकेडमी होते हुए बाईपास से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे।

4. शहर की ओर से आने वाले दो पहिया तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों का रूट निम्नानुसार रहेगा

अ. बस स्टैंड , नीमताल, रेलवे स्टेशन की ओर से आने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन



दुर्गानगर से अशीष मंगल वाटिका होते हुए पार्किंग स्थल पहुंचेंगे।

इ माधवगंज, पीतलमील की ओर से आने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन अहमदपुर (अंबेडकर) तिराहा होते हुए अहमदपुर बायपास पार्किंग स्थल पहुंचेंगे।

5 ड्रॉप एंड गो व्यवस्था ,,,,,,

विदिशा नगर में सभी प्रकार के सवारी तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए ड्रॉप एंड गो व्यवस्था तुलसी गार्डन अहमदपुर रोड एवं आशीष मंगल वाटिका पर की गई है जिनका उपयोग वाहन चालक सुविधानुसार कर सकेंगे।

पार्किंग स्थल व्यवस्था,,,,,,,

1. भोपाल, रायसेन ,अग्रवाल एकेडमी एवं आशीष मंगल वाटिका की ओर से आने वाली समस्त वाहन वृंदावन होम्स पार्किंग (भोपाल सागर बायपास) में पार्क होंगे।

2. सागर, गुलाबगंज, ग्यारसपुर की ओर से आने वाले समस्त वाहन एनसीएमएल वेयरहाउस पार्किंग (भोपाल सागर बायपास) में पार्क होंगे।

3. अहमदपुर तिराहा एवं पुरनपुरा की ओर से आने वाले समस्त दोपहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन अहमदपुर चौराहा पार्किंग (भोपाल सागर बायपास) में पार्क होंगे ।

4. गैरतगंज,गढी ,अहमदपुर की ओर से आने वाले समस्त वाहन चिरोड़िया गांव के पास मेला पार्किंग में पार्क होंगे।

डायवर्सन व्यवस्था,,,,,,

विदिशा बायपास मार्ग का उपयोग करने वाले समस्त भारी वाहनों के लिए *रूट डायवर्सन की व्यवस्था आवश्यकतानुसार दिनांक 07 अप्रैल के दोपहर 12:00 बजे से लागू रहेगी जो निम्नानुसार रहेगीःझ

1.भोपाल से सागर की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन सूखी सेवनिया से रायसेन एवं सलामतपुर तिराहा से गैरतगंज होते हुए सागर की ओर जा सकेंगे

2. सागर से भोपाल की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन राहतगढ़ से गैरतगंज होते हुए भोपाल की ओर जा सकेंगे ।

3. अशोकनगर एवं गुना की ओर से भोपाल की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन ढोलखेड़ी तिराहा से बैरसिया होते हुए भोपाल जा सकेंगे।

4. अशोकनगर एवं गुना की ओर से सागर जाने वाले समस्त भारी वाहन अग्रवाल एकेडमी बाईपास, सलामतपुर तिराहा से रायसेन, गैरतगंज होते हुए सागर जा सकेंगे । जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित कथा आयोजन समिति द्वारा नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि उक्तानुसार यातायात व्यवस्था का पालन करते हुए आवागमन में होने वाले वाली किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें।

# आज से डोंगरिया दमोह में बहेगी भागवत कथा की बयार

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट।(07अप्रैल )धर्ममय जागरण और सुख शांति कल्याण के साथ धर्ममय वातावरण बनाने के उद्देश्य से ताम्र नगरी मलाजखंड के ग्राम डोंगरिया दमोह के समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण का आयोजन आज से प्रारम्भ हो रहा हैं जहाँ पहुंच कर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कर धन्य होने का सौभाग्य लेने हेतु आमजन से अपील की गयी हैं।कथावाचक परम पूज्य पं.राजेन्द्र प्रसाद तिवारी बघमर्रा संगीत नगरी खैरागढ़ जिला के.सी.जी.(छ.ग.) के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होगा। जिसके तहत 07 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शोभायात्रा झांकी के साथ ग्राम भ्रमण और रात्रि में श्रीमद् भागवत महिला उद्धार, परीक्षित जीवन चरित्र, सुकदेव का उपदेश अवतार, कपिल अवतार, देवहती कपिल संवाद, सती चरित्र ध्रुव परंजन उपा स्थान, ऋषभ अवतार, जड़ भरत चरित, अजामिल उपास्थान, कतरा सुर चरित्र, प्रह्लाद कथा, नरसिंह अवतार, गज ग्रह कथा समुद्र मंथन, 14 रत्न कथा, वामन अवतार, मत्स्य अवतार, सूर्यवंश वर्णन, श्रीराम अवतार, चंद्रवध कथा, कृष्णावतार, नंद उत्सव प्रसंग आदि होगा जो 15 अप्रैल तक चलेगा जिसमे पहुंच कर कथा श्रवण कर लाभ लेने की अपील की गयी हैं ।



# जनजागरूकता के लिए बंधक श्रमिक एवं बाल मजदूरी पर नुक्कड़ नाटक से दिया गया संदेश

समाज जागरण /शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(07अप्रैल )बंधक श्रम अधिनियम-1976 के अंतर्गत बंधक श्रमिक एवं बाल मजदूरी के प्रति जनजागरूकता के लिए श्रम विभाग द्वारा बंधक श्रम सप्ताह में जन जागरण अभियान चलाया गया है। इसके अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा नगर पालिका बैहर एवं आवाज संस्थान के सहयोग से बस स्टैंड बैहर में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर बंधक श्रम एवं बाल मजदूरी को रोकने के लिए संदेश दिया गया। । इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिलीप बांडेबुचे, थाना प्रभारी, बंधक श्रम के नोडल अधिकारी श्री राकेश ठाकरे श्रम निरीक्षक, श्री सुनील यादव, सुश्री वंदना उइके श्रम निरीक्षक, आवाज संस्थान के प्रतिनिधि श्री शिवगिरी गोस्वामी उपस्थित थे। संस्थान के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अन्य जिलों में कार्य पर जाने वाले मजदूरों की वस्तुस्थिति, मजदूरों पर हो रहे शोषण एवं रोकथाम से अवगत कराया गया और बताया गया कि बंधुआ मजदूरी पाए जाने पर कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला बालाघाट को अवगत कराया जावे।



# महिला सशक्तिकरण की ओर अग्रसर जन शिक्षण संस्थान संचालिका का हुआ सम्मान

संवाददाता विवेक कुमार !

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के सुल्तानपुर रोड पर जन शिक्षण संस्थान के संचालिका रेनू त्रिपाठी व अखिलेश ने मिलकर महिलाओ को सशक्त व स्वावलम्बी बनाने के निरंतर प्रयास को लेकर संस्थान की खूब प्रसंसा की जा रही है। संस्थान द्वारा महिला समूह बनाकर घरेलु महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए सेंटर में महिलाओ को सिलाई-कढ़ाई सीखा कर दक्ष बनाया जा रहा है ताकि घरेलु महिलाये भी आत्मनिर्भर बन सके और अपने घर बैठे स्वयं का काम कर पैसे कमा सके और अपने तरक्की का मार्ग खोल सके। वर्तमान में इस सेंटर में दर्जनों घरेलु महिलाये सिलाई कढ़ाई सीखने आती थी और अपनी कला में निपुण हुई। गुरुवार को इस सेंटर का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी अजय द्वारा सेंटर संचालिका का सम्मान किया गया। इस दौरान सेंटर की प्रशिक्षित महिलाओ ने अपने द्वारा सिलाई कढ़ाई से निर्मित की गई कपड़ो दुपट्टों को प्रदर्शित किया।



# हनुमान जयंती पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, सुरक्षा के बीच निकली शोभायात्रा

संवाददाता विवेक कुमार !

हनुमान जयंती के अवसर पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई. इस दौरान जिले के प्रमुख मंदिरों पर भजन कीर्तन किए गए. जहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद रही.राजधानी लखनऊ के कैम्पवेल रोड न्यू हैदरगंज में हनुमान जयंती बालाजी महाराज महासभा के नेतृत्व में पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सुरक्षा व्यवस्था के बीच हनुमान जयंती पर्व जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकी और ऊटों सहित शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई. इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया गया. जगह जगह जलपान और भक्तों ने पानी पिलाने और नास्ते की व्यवस्था की और भंडारे का आयोजन किया गया।भारी तादाद में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु भक्ति गीतों में डूबे हुए नजर आए.



# वित्तीय वर्ष में खनिज राजस्व के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 125.50 प्रतिशत रही उपलब्धि

अनूपपुर 06 अप्रैल 2023/ वित्तीय वर्ष 2022-23 के शासन द्वारा खनिज राजस्व लक्ष्य राषि 179 करोड़ निर्धारित की गई थी। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कलेक्टर के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 224.65 करोड़ की प्राप्ति की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 125.50 प्रतिशत है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला खनि अधिकारी सुश्री आशालता वैद्य ने बताया है कि मध्यप्रदेश ग्रामीण अवसंरचना कर के निर्धारित लक्ष्य राषि 60 करोड़ के विरूद्ध 48.70 करोड़ की प्राप्ति की गई है। इस वित्तीय वर्ष में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद में 51.31 करोड़ जमा कराए गए हैं। उन्होंने बताया है कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए वर्ष 2022-23 में खनिजों के अवैध उत्खनन के 30 प्रकरण, अवैध उत्खनन के 146 प्रकरण तथा अवैध भण्डारण के 23 प्रकरण दर्ज किए गए हैं तथा दर्ज प्रकरणों पर 30 लाख 78 हजार 526 रुपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया है।

# कानपुर : थानों की तरह अधिकारियों के यहां तैनात सिपाही दीवानों का भी तीन साल बाद क्यों नहीं होता तबादला ?

सुनील बाजपेई

थाना स्तर के तबादलों में भेदभाव का शिकार हो रहे कानपुर के पुलिसकर्मी थानों में तैनात पुलिस कर्मियों का ही 3 साल बाद तबादला क्यों इसके ऊपर के पदों पर अधिकारियों के कार्यालय में कई साल से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे दर्जनों पुलिसकर्मियों का भी क्यों नहीं ? इस दोहरे मानदंड से व्याप्त अंदरूनी असंतोष से प्रभावित हो रही पुलिस कर्मियों की कार्य क्षमता। कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने से पहले थानों और पुलिस चौकियों की नीलामी को लेकर भी चर्चा में रहा है कानपुर कानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस के सैकड़ों सिपाही, , दीवान , दरोगा और इंस्पेक्टर किसी न किसी तरह के विभागीय उत्पीड़न का शिकार अक्सर हो रहे हैं। यहां कमिश्नरेट में तैनात पुलिसकर्मी भी कुछ इसी तरह के हालातों का शिकार हैं। जिसका मुख्य संबंध थानों में सिपाहियों और हेड कांस्टेबलों की ट्रांसफर पोस्टिंग से जुड़ा हुआ बताया जाता है`

वैसे थानों में पोस्ट इंस्पेक्टर और चौकियों में पोस्ट सब इंस्पेक्टरों को भी इस दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। अगर इसमें सबसे पहले सिपाहियों दीवानों की ट्रांसफर पोस्टिंग की चर्चा की जाए तो जिन पुलिसकर्मियों का पुलिस थानों में 3 साल का कार्यकाल पूरा हो जाता है। उन्हें पूर्व से जारी एक कथित नियम या फिर परंपरा के तहत उन्हें दूसरे थानों में ट्रांसफर कर दिया जाता है ,लेकिन सबसे खास बात यह कि यह नियम / परंपरा बड़े भेदभाव और दोहरे मानदंड वाली है, क्योंकि 3 साल पूरे होने पर तबादला केवल उन्हीं पुलिसकर्मियों का किया जाता है ,जो पुलिस थानों में तैनात रहते हैं जबकि एसीपी / डीएसपी, एसएसपी, एस पी , ए एस पी ,डीसीपी और एडीसीपी आदि पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों पर यह नियम कदापि लागू नहीं होता` मतलब इन अधिकारियों के कार्यालयों में बहुत से पुलिसकर्मी कई कई सालों से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं लेकिन आज तक उनका तबादला कहीं नहीं किया गया। जबकि 3 साल पूरे होने पर उस पुलिसकर्मी सिपाही दीवान को थाने में नहीं रहने दिया जाता भले ही

जिसकी कार्य सरकार यानी जनहित के प्रति उसकी लगन , उसकी निष्ठा और उसकी मेहनत कितनी ही प्रशंसनीय क्यों हो। वहीं दोहरा मानदंड अपनाते हुए अधिकारियों के कार्यालयों में तैनात पुलिसकर्मी सालों तक एक ही पद पर जमे रहते हैं`

विभागीय सूत्रों की नजर में थाने में पोस्ट रहने वाले अपने किसी भी मातहत पुलिसकर्मी के बारे में सर्वाधिक जानकारी संबंधित इंस्पेक्टर को होती है` अगर 3 साल पूरे होने पर थानों से तबादले वाले नियम के अनुरूप पुलिस इंस्पेक्टरों की भी सहमति शामिल कर ली जाए तो फिर कार्य सरकार को अंजाम देने के मामले में वह परेशानी कदापि नहीं रहेगी जो कि इस तरह के पुलिसकर्मियों के तबादलों के बाद अक्सर होती है`

सूत्रों के मुताबिक अगर ट्रांसफर पोस्टिंग के मामले में यह निंदनीय भेदभाव और दोहरा



मानदंड वाला व्यवहार नहीं है तो फिर पुलिस थानों की तरह अधिकारियों के कार्यालयों में भी तैनात सिपाही और दीवानों का तबादला अन्यत्र क्यों नहीं किया जाता ?

विभागीय सूत्रों की मानें तो इनमें से कई पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों में सालों से ऐसे भी पुलिसकर्मी तैनात हैं , जो कि अधिकारियों से मुलाकात कराने या फिर उनके प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करवाने का भरोसा और झांसा देकर प्रतिमाह हजारों की कमाई करने में भी सफल रहते हैं` और आज भी कर रहे हैं लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी थानों में तैनात पुलिस कर्मियों की तरह उनका तबादला आज तक नहीं किया गया` इससे उन पुलिसकर्मियों के गिरते मनोबल से उनकी कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है ,जो कि इस दोहरे मानदंड वाली व्यवस्था के शिकार हैं` केवल कांस्टेबलों और हेड कांस्टेबलों के संदर्भ में ही नहीं बल्कि अधिकांश पुलिस इंस्पेक्टरों और सब इंस्पेक्टरों के बारे में भी लगभग यही बात कही जा सकती है। मतलब ऐसे कुछ ही भाग्यशाली इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर हुआ करते हैं जो ट्रांसफर पोस्टिंग के मामले में फुटबॉल होने या फिर जनहित में योग्य और कर्मठ होने के फलस्वरूप इस दोहरे मानदंड का शिकार होने से बच जाते हैं अथवा बचे हुए हैं` और इसका भी पूरा श्रेय जाता है ,उन पुलिस अधिकारियों को जो वास्तव में अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान और ईमानदार होने के फलस्वरूप यह भी जानते पहचानते हैं कि उनका कौन मातहत कितना कर्मठ और कैसा है?

जहां तक यहां कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने से पहले वाले हालातों का सवाल है` यहां कई ऐसे भी अधिकारी पोस्ट होते रहे हैं ,जो यहां के थानों चौकियों को 50 हजार से लेकर 5 लाख से भी अधिक में सरेआम नीलाम करने को लेकर मातहतों में चर्चा का विषय बन चुके हैं` मतलब उस समय की स्थितियां ट्रांसफर पोस्टिंग के मामले में मकान मालिक और किराएदार वाली जैसी थीं` साथ में पगड़ी वाली व्यवस्था भी लागू थीं` मतलब कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने से पहले अधिकांश थानों और चौकियों में इंचार्ज के रूप में पोस्ट होने का सर्वाधिक लाभ उसे ही मिला करता था जो पहले वाले से ज्यादा पगड़ी और मासिक किराया देने में सक्षम हुआ करता था। यानी जैसे ही कोई ज्यादा किराया और पगड़ी देने वाला मिल जाता था तो पहले वाले से थाना और चौकी रूपी मकान तत्काल खाली करा लिया जाता था`

फिलहाल वर्तमान संदर्भ में तो थानों और पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों में तैनात पुलिसकर्मियों के तबादलों में दोहरे मानदंड वाली यह व्यवस्था पुलिसकर्मियों के बीच चर्चा के दायरे से बाहर नहीं है

# शहर से लेकर गांव तक लहराया भगवा, पवन सुत हनुमान की जयघोष के साथ निकाली गयी रैली

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट ।(07 अप्रैल)बजरंग दल व हनुमान भक्तों ने एक दिन पहले से भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू कर दिया था जिसकी झांकी गुरुवार को शहर से लेकर गांव तक में देखने को मिली। भक्तों ने पवन सुत हनुमान जी को पालकी में बैठाकर पुरे शहर में भ्रमण कराया जो देखते ही बन रहा था, हर तरफ भगवा ही भगवा नजर आ रहा था व महावीर हनुमान की जय घोष की ध्वनि सुनाई दें रही थी जो मन को मोहित कर रही थी।पवनपुत्र हनुमान को बुद्धि और शक्ति का देवता माना गया है। इन्हें संकटमोचक, वीर हनुमान, महावीर और बजरंगबली के नाम से पुकारा जाता है। जिनका चैत्र मास की पूर्णिमा को प्रकटोत्सव मनाया जाता है।हनुमान मंदिरों को खास साज सज्जा किया गया था

नगर सहित पूरे जिले में भगवान हनुमान जी जन्मोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाते हुए हनुमान मंदिरों में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया है। नगर के हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर, काली पुतली चौक स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर, बजरंग घाट स्थित हनुमान मंदिर, बूढ़ी स्थित हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें सुबह वेद मंत्रों के साथ पवनपुत्र का जन्मोत्सव पर भगवान हनुमान जी सिंदूर से अभिषेक किया जाएगा। उसके बाद सिंदूरी चोला धारण कराया गया। उसके लिए मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों के साथ ही रंगीन लाईटों से





सजाया था। इस दौरान मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ कर भगवान हनुमान जी को भोग अर्पित किया जाएगा।

नगर के काली पुतली चौक स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में हनुमान जी के प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर सुबह 4 बजे से रामनाम का जाप शुरू हो गया था। जिसके बीच सुबह 5.50 पर हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। जिसके बाद सुंदर कांड का पाठ किया गया। इस साल पहली बार श्रीराम मंदिर ट्रस्ट और विहिप के सहयोग से हनुमान मंदिर से हनुमान लला जी की पालकी यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। नगर के प्रमुख मार्गो से होकर दुबारा हनुमान मंदिर पहुंची। जिसके बाद सुबह 9 बजे से 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं पूरे दिन विविध धार्मिक कार्यक्रमों के तहत प्रसाद वितरण, भंडारे का आयोजन हुआ। सायंकाल भजन संध्या और रात्रि 7.30 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण और भजन, कीर्तन किया जाएगा।

बिरसा में बजरंग दल ने निकाली रैली

बिरसा तहसील अंतर्गत बजरंग दल ने हनुमान मंदिरों को रंग रोगन कर फूलों से सजाकर बजरंगबली की प्रतिमा को सिंदूर का लेप लगाकर विशेष श्रृंगार किया था तत्पश्चात बिरसा के हनुमान मंदिर से विशाल बाइक रैली निकालकर भगवा झंडा लहराते हुए मोहगांव से मलाजखंड, बिरसा, मरारी टोला दमोह कचनारी होते हुए साले टेकरी में संपन्न हुआ जहाँ हनुमान भक्त ताम्रध्वज डहरवाल, हिरऊ, हलधर मरकाम आदि ने भव्य स्वागत कर पुष्प वर्षा किया।

# विधि विधान से दमोह में किया गया अनावरण राधा श्रीकृष्ण की प्रतिमा का स्थापना

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा /बालाघाट।(07अप्रैल )विकासखण्ड बिरसा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दमोह में हायर सेकेंडरी स्कूल मुख्यमार्ग के सामने बने मंदिर प्रांगण में अहीर समाज द्वारा राधा श्रीकृष्ण जी की प्रतिमा का अनाववरण गुरुवार को स्थापना किया जाना सुनिश्चित किया गया जिसमे आप सभी स्वजाति बंधु एवं अन्य ग्रामीणजन अपनी उपस्थिति देकर उक्त कार्यक्रम में भागीदार बने। सभी सामाजिक बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील किया गया हैं। राधा कृष्णा समिति के समस्त पदाधिकारीगण एव समस्त सदस्यगण अध्यक्ष श्री सुखचरण यादव,सचिव श्री समारू यादव ,उपाध्यक्ष सोनसिंह,निर्मल यादव,जीवन यादव,अवध नेवारे, कुरहा विष्णु नेवारे,कोषाध्यक्ष एवं सलाहकार नैनसिंह यादव सचिव उपाध्यक्ष अमरलाल यादव , पितम यादव, कोषाध्यक्ष महामंत्री मंगलू यादव , सहसचिव राजेश यादव, प्रवक्ता ललित यादव,सल्हाकार रामाधीन न्यूछोरे कोषाध्यक्ष



महासचिव अर्जुन मीठवानी संरक्षकगण तुलसी मिठवानी, युवाध्यक्ष बिरझ नेवारे,युवाउपाध्यक्ष हेमलाल यादव, सदस्यगण शंकर, कृष्णा,रमेश,धुर्वा, चेतन, अजेंद्र, नरेश, बिहारी, गोलू, बिसनु, अनोज,राजेंद्र , धीरज, बिराज,बिरजू, नीरज,मायाराम, नरेंद्र, धीरज, कृष्णा, दयाल, गज्जू, छबि, गोविंद, उसेलाल, इंद्रपाल, नेतराम, कन्हैया, गौतम, विनोद, सुरेश , प्रेमलाल, देवराज, संतोष, उदेराम, लगनू, जगत, राम, भरत, नन्हु, संतु, शिवा, जितेंद्र, भगलू, मुकेश, मोहित, पावन, गणेश, सनुक, अर्जुन, हंशा, रूपलाल, गणेश, चैतराम, दुर्गेश, कीर्तन, तिहारू, परसराम, सुनील, लक्ष्मण, दिलीप, निर्मल, समस्त ब्लाक कार्यकरणीय बिरसा एवं महासभा कार्यकरिणीय मंडल संयुक्त 04 ब्लाक एवं समस्त अहीर रेजिमेंट यादव समाज ने पुरे विधि विधान से राधा कृष्ण की प्रतिमा का स्थापना किया।

# डाबरी पुलिस चौकी में वाच टावर की सीढ़ी से गिरने से जवान हुआ घायल, ठेकेदार का लायसेंस निरस्त करने के निर्देश

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(07अप्रैल )कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया है कि वे पुलिस चौकी डाबरी में वाच टावर के निर्माण में निम्न स्तर का एवं घटिया कार्य करने के कारण ठेकेदार अन्नू ऊर्फ अनिल श्रीवास्तव का लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करें और उसे भविष्य में लोक निर्माण विभाग सहित किसी भी विभाग के कार्य की निविदा में शामिल नहीं किया जाये।

जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी डाबरी में एससीए योजना के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार अन्नू ऊर्फ अनिल श्रीवास्तव द्वारा वाच टावर का निर्माण कार्य किया जा रहा है और यह कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। 04 मार्च को हाक फोर्स के जवान आरक्षक सुजीत कुमार राय वाच टावर के लिए निर्मित की गई सीढ़ी से ऊपर चढ़ रहा था, कि तभी सीढ़ी भरभराकर नीचे गिर गई। जिसमें आरक्षक सुजीत कुमार भी नीचे गिर गया और उसके कमर, कंधे और पैरों में चोट आयी है। इस घटनाक्रम में घायल आरक्षक की रिपोर्ट पर लांजी थाने में भादवि की धारा 336 एवं 337 में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ठेकेदार अन्नू ऊर्फ अनिल श्रीवास्तव द्वारा घटिया एवं निम्न स्तर का कार्य किया गया है और जवानों की जान को खतरा उत्पन्न किया गया है। जिसके कारण कलेक्टर द्वारा ठेकेदार का लायसेंस निरस्त करने एवं भविष्य में उसे लोक निर्माण विभाग सहित किसी भी विभाग के कार्य की निविदा में शामिल नहीं करने के निर्देश दिये गये है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चल रहे एससीए योजना के कार्यों में इस प्रकार की पुनरावृत्ति ना हो।

# शा. आईटीआई अनूपपुर में अप्रेन्टिसशिप मेगा जॉब फेयर का आयोजन 13 अप्रैल को

देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियां प्लेसमेंट के लिए रहेंगी उपलब्ध

अनूपपुर 06 अप्रैल 2023/ शासकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान अनूपपुर में अप्रेन्टिसशिप मेगा जॉब फेयर का आयोजन 13 अप्रैल 2023 को प्रातः 10 बजे से किया गया है। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ के विशेष प्रयासों से देश की प्रतिष्ठित विभिन्न कम्पनियां प्लेसमेंट के लिए उपलब्ध रहेंगी। अप्रेन्टिस मेगा जॉब फेयर में वॉल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स बगरोदा, भोपाल, ट्राइडेंट लिमिटेड बुधनी, सिहोर मध्यप्रदेश, जेबीएम ऑटो लिमिटेड पुणे एवं नाशिक, महाराष्ट्र, एमबी पावर प्लांट जैतहरी, अनूपपुर मध्यप्रदेश, फेम इन्डस्ट्रीज लिमिटेड अहमदाबाद शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अनूपपुर के प्राचार्य ने बताया है कि ऐसे पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष हो, जो 10 वीं, 12 वीं, किसी भी ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण/डिप्लोमा उत्तीर्ण, पीएमकेव्हीवाई या अन्य किसी भी कौशल विकास की अल्पावधि प्रशिक्षण से उत्तीर्ण, स्नातक उत्तीर्ण हो मेगा जॉब फेयर में भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 10 हजार से 16 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। मेगा जॉब फेयर में इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, बायोडाटा/उश/फी२४ी सहित भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त समस्त अभ्यर्थियों को आधार कार्ड के साथ-साथ पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, वोटर कार्ड, पासपोर्ट एवं अन्य मान्यता प्राप्त पहचान पत्र में से कोई एक लाना होगा। अभ्यर्थियों को मेगा जॉब फेयर में भाग लेने हेतु पंजीयन लिंक **https://forms.gle/1vSkLkKzY4B21tb18** में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कम्पनियों के शर्तों के अनुसार की जाएगी। इस संबंध में आईटीआई अनूपपुर से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ में कलेक्टर ने नियुक्त किए प्रभारी तहसीलदार

अनूपपुर 06 अप्रैल 2023/ जिले के तहसील अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ में तहसीलदार के रिक्त पद के कारण प्रशासनिक कार्य की सुविधा के दृष्टिगत कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने नायब तहसीलदार तहसील कोतमा श्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी को प्रभारी तहसीलदार तहसील अनूपपुर तथा श्री शशांक शेण्डे नायब तहसीलदार तहसील जैतहरी को प्रभारी तहसीलदार तहसील पुष्पराजगढ़ का कार्य आगामी आदेश तक के लिए सौंपा है। प्रभारी तहसीलदारों को वित्तीय अधिकार, आहरण संवितरण भी सौंपे गए हैं।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 13 अप्रैल को

अनूपपुर 06 अप्रैल 2023/ आगामी त्यौहार 14 अप्रैल 2023 को अम्बेडकर जयंती, 22 अप्रैल 2023 को परशुराम जयंती तथा ईद-उल-फितर के दौरान जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में 13 अप्रैल 2023 को शाम 5:30 बजे से किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर श्री जे.पी. धुर्वे ने सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपील की गई है।

# पुष्पराजगढ़ के 11 पंचायत सचिवों को जिपं. सीईओ ने सौंपा निकटतम पंचायतों का प्रभार

अनूपपुर 06 अप्रैल 2023/ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम रोजगार सहायकों (प्रभारी सचिवों) के सामूहिक रूप से हड़ताल में होने के कारण ग्राम रोजगार सहायकों को सचिवीय प्रभार से मुक्त करते हुए निकटतम ग्राम पंचायतों के सचिवों को आगामी आदेश तक सचिवीय प्रभार सौंपा है। श्री रामप्रसाद यादव को ग्राम पंचायत अमगवां, श्री पंचम सिंह को ग्राम पंचायत लपटी, श्री हनुमान प्रसाद गौतम को ग्राम पंचायत करौंदी, श्री गोपत सिंह को ग्राम पंचायत मिढ्ढमहुआ, श्री संजय द्विवेदी को ग्राम पंचायत करौंदाटोला, श्री मूरत सिंह को ग्राम पंचायत भमरहा, श्री ईश्वर सिंह को ग्राम पंचायत बरांझ, श्री फूलचंद सिंह पाटले को ग्राम पंचायत हराटोला बरसोत, श्री भुवनेश्वर सिंह को ग्राम पंचायत धरहरकला, श्रीमती माया देवी को ग्राम पंचायत पोंड़की तथा श्री मणिराज सिंह को ग्राम पंचायत लेढ़रा का सचिवीय प्रभार सौंपा गया है।

# राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव 10 अप्रैल को पुष्पराजगढ़ प्रवास पर

अनूपपुर 06 अप्रैल 2023/ मध्यप्रदेश के बजट एवं आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2023-24 को आम जन तक पहुंचाने हेतु मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग के सदस्य सचिव तथा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के आयुक्त (प्रशासन) श्री स्वतंत्र कुमार सिंह के साथ नीति आयोग एवं यूनिसेफ के तीन सदस्यीय दल द्वारा 10 अप्रैल 2023 को सायं 4 बजे से 5 बजे तक अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के पंचायत सचिवों के साथ संवाद किया जाएगा। तत्पश्चात दल उमरिया जिले के लिए प्रस्थान करेगा।

# प्रचार रथ के माध्यम से दी जा रही शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

अनूपपुर 06 अप्रैल 2023/ प्रदेश शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं निर्णयों की जानकारी आम जन को देकर योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रचार रथ के माध्यम से आम जन को आडियो-वीडियो के माध्यम से आम जन को दी जा रही है। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में प्रचार रथ जनपद पंचायत जैतहरी के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर रहा है। 5 अप्रैल को प्रचार रथ द्वारा बरबसपुर, पोंड़ी मानपुर, खांड़ा, बकेली तथा 6 अप्रैल को प्रचार रथ द्वारा मझगवां, फुनगा, कोलमी, रक्शा, पाली ग्रामों में शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रचार रथ में वीडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रचार गीत, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना पर केन्द्रित मुख्यमंत्री जी का संदेश, तीन वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म, अंकुर अभियान पर केन्द्रित वीडियो स्पाट, सीएम राइज स्कूल पर वीडियो स्पाट तथा पेसा नियमों पर आधारित वीडियो स्पाट आम जन को दिखाया जा रहा है।

# जल निगम के किरगी एवं दमेहड़ी समूह जल प्रदाय योजना का कलेक्टर ने किया अवलोकन

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने लाभान्वित ग्रामों के ग्रामीणों से चर्चा कर ली जानकारी

अनूपपुर 06 अप्रैल 2023/ जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड में जल जीवन मिशन के कार्यों का कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ द्वारा जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ श्री विवेक के.व्ही. तथा जल निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने भ्रमण के दौरान किरगी समूह जल प्रदाय योजना के जल शोधन संयंत्र तथा इन्टेक वेल का अवलोकन किया गया। किरगी समूह जल प्रदाय योजना 36 ग्रामों में जल आपूर्ति के लिए बनाई गई है। कलेक्टर ने दमेहड़ी समूह जल प्रदाय योजना का भी भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत लाभान्वित ग्रामों में पहुंचकर हितग्राहियों से जल आपूर्ति के संबंध में चर्चा करते हुए जल की गुणवत्ता, जल कर और नल से पर्याप्त जल आपूर्ति व टोटी की अनिवार्यता के संबंध में जानकारी लेते हुए जल संचय के संबंध में भी समझाईश दी गई। हितग्राहियों ने बताया कि हमारे घरों में प्रतिदिन जल प्रदाय किया जा रहा है और पर्याप्त मात्रा में नल से जल प्राप्त हो रहा है। जरूरत का पानी लेने के पष्चात नल की टोटी बंद कर देते हैं, जिससे जल व्यर्थ न बहे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने जल सखी से चर्चा करते हुए जल कर वसूली की जानकारी प्राप्त की गई।